इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 301 | राजनांदगांव, शनिवार 20 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## एक्शन में चुनाव आयोग, 474 राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन किया खत्म

नई दिल्ली। भारत के चुनाव आयोग ने चुनावी व्यवस्था को दुरुस्त करने के अपने अभियान को तेज करते हुए लगातार छह साल तक चुनाव न लड़ने वाले 474 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का रिजिस्ट्रेशन खत्म कर दिया है। आयोग ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस नोट में कहा कि इस दूसरे चरण की कार्रवाई के साथ, अगस्त 2025 से अब तक कुल 808 आरयूपीपी को लिस्ट से हटा दिया गया है।

इससे पहले, 9 अगस्त को इस प्रक्रिया के पहले चरण में 334 आरयूपीपी को 6 साल के लिए लिस्ट से हटाया गया था। इस प्रकार, पिछले 2 महीनों में 808 आरयूपीपी को हटा दिया गया है।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 ए के तहत, राजनीतिक दलों को पंजीकरण के समय चुनाव चिह्न और कर छूट जैसे विशेषाधिकार दिए जाते हैं। हालांकि, दिशानिर्देश यह निर्धारित करते हैं कि यदि कोई पार्टी लगातार छह वर्षों तक कोई चुनाव लड़ने में विफल रहती है, तो उसे रजिस्टर से हटा दिया जाना चाहिए।




### कितने दलों के नाम लिस्ट से हटाए?

18 सितंबर को डीलिस्टिंग में उत्तर प्रदेश (121) से अधिकतम संख्या में आरयूपीपी को हटाया गया, उसके बाद महाराष्ट्र (44), तमिलनाडु (42) और दिल्ली (40) का स्थान रहा। पंजाब (21), मध्यप्रदेश (23), बिहार (15), और आंध्रप्रदेश (17) जैसे राज्य भी अन्य के साथ सूची में प्रमुखता से शामिल हैं।

### 359 दलों को खिलाफ एक्शन शरू

इसके अलावा, ईसीआई ने 359 अन्य आरयूपीपी के खिलाफ कार्यवाही शुरू की है जो लगातार तीन वित्तीय सालों (2021-22 से 2023-24) के लिए अपने सालाना ऑडिट किए गए खातों को पेश करने में विफल रहे हैं और चुनाव लड़ने के बावजूद अनिवार्य चुनाव व्यय रिपोर्ट भी दाखिल नहीं की है। ये दल 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश (127), तमिलनाडु (39), और दिल्ली (41) गैर-अनुपालन संगठनों के थोक के लिए जिम्मेदार हैं।

### राजीनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस

आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पहचाने गए दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी पार्टी को अनुचित रूप से सूची से बाहर नहीं किया जाए, संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ को इन आरयूपीपी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद संबंधित सीईओ द्वारा सुनवाई के माध्यम से पार्टियों को एक मौका दिया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया, ईसीआई सीईओ की रिपोर्ट के आधार पर किसी भी आरयूपीपी को सूची से बाहर करने पर अंतिम निर्णय लेता है।

## मणिपुर में असम राइफल्स के काफिले पर ताबड़तोड़ फायरिंग, दो जवान शहीद, कई घायल

इंफाल। मणिपुर के बिश्नुपुर जिले में शुक्रवार शाम को सुरक्षा बलों पर अज्ञात हमलावरों ने अटैक कर दिया. इसमें दो जवाब शहीद हो गए, जबकि कई घायल हैं. दरअसल शाम करीब 5.50 बजे नम्बोल सबाल लाइकाई के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने असम राइफल्स के सुरक्षाकर्मियों से भरी 407 टाटा गाड़ी पर फायरिंग कर दी. यह काफिला इंफाल से बिश्नुपुर की ओर जा रहा था.



घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है. अधिकारियों का कहना है कि घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक जांच और गश्त तेज कर दी है.

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हमला अचानक हुआ और काफिले पर अज्ञात बंदूकधारियों ने कई राउंड फायर किए. फिलहाल हमलावरों की पहचान नहीं हो सकी है और उनका कोई सुराग नहीं मिला है. घटना के बाद असम राइफल्स और स्थानीय पुलिस टीम ने मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है.

### पूर्व सीएम बीरेन सिंह ने व्यक्त किया खेद

मणिपुर के पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह ने ट्वीट कर इस घटना पर खेद व्यक्त किया. उन्होंने लिखा, नम्बोल सबाल लेकाई में हमारे बहादुर 33 असम राइफल्स के जवानों पर हुए घातक हमले की खबर सुनकर मैं गहरे सदमे में हूं. दो जवानों के शहीद होने और कई अन्य के घायल होने की यह घटना हम सभी के लिए बेहद दुखद है. शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना. उनके साहस और बलिदान हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे. इस निंदनीय अपराध के दोषियों को सबसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए.

## ललित मोदी का भाई मुश्किलों में: रेप केस में समीर मोदी 2 दिन के पुलिस रिमांड पर

नई दिल्ली। भगोड़े बिजनेसमैन ललित मोदी के भाई और कारोबारी समीर मोदी को रेप केस मामले में साकेत कोर्ट ने 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने समीर मोदी के लिए 3 दिन का पुलिस रिमांड मांगा था। उन पर 2019 के दुष्कर्म और धमकी के मामले में कल यानी गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट से गिरफ्तार किया गया था।



साकेत कोर्ट का फैसला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोदी इंटरप्राइजेज के मैनेजिंग डायरेक्टर, मोदी केयर फाउंडेशन और कलरबाग कॉस्मेटिक के संस्थापक समीर मोदी के खिलाफ न्यू फ्रेंडस कॉलोनी थाने में रेप और धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता महिला ने दस सितंबर को दी पुलिस शिकायत में आरोप लगाया था कि समीर मोदी ने 2019 से लगातार उनके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। शादी का दबाव डाला तो धमकियां मिलीं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि समीर मोदी ने उसे फैशन और लाइफस्टाइल में करियर दिलाने का भी वादा किया था। उसने पहली बार दिसंबर 2019 में घर बुलाया और शारीरिक शोषण किया। उसे पहले शादी का झांसा दिया, उसके बाद करियर खराब करने की धमकियां दी गईं। केवल उसे ही नहीं बल्कि उसके परिवार को भी नुकसान पहुंचाने की धमकियां दी गई थीं। उधर, समीर मोदी का पक्ष है कि यह केस झूठा है और पैसे हड़पने के लिए यह साजिश रची गई है। उनकी टीम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रंप और जिनपिंग की तीन महीने बाद हुई बात Tariff नहीं TikTok मुद्दे पर हुई अहम चर्चा!

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शुक्रवार को फोन पर बातचीत हुई. यह बातचीत करीब तीन महीने बाद हुई है. जून के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली सीधी बातचीत मानी जा रही है. इस कॉल के दौरान दोनों नेताओं के बीच मुख्य रूप से व्यापार संबंधी तनाव और टिकटॉक सौदे पर चर्चा हुई.




चीनी सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने इस बातचीत की पुष्टि की, लेकिन विस्तृत जानकारी साझा नहीं की. वहीं, व्हाइट हाउस की ओर से भी अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. बता दें कि अमेरिका और चीन के बीच बीते कुछ समय से व्यापारिक तनाव बना हुआ है. ट्रंप प्रशासन बीजिंग पर टैरिफ और बाजार पहुंच को लेकर दबाव बना रहा है. इसके साथ ही अमेरिका टिकटॉक जैसे चीनी ऐप्स की सुरक्षा और डाटा को लेकर भी सख्ती दिखा रहा है. ऐसे में यह भी बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच टैरिफ से ज्यादा अहम चर्चा टिकटॉक डील को लेकर हुई है.

### अमेरिका में टिकटॉक को लेकर विवाद जारी

टिकटॉक की अमेरिकी मौजूदगी को लेकर लगातार विवाद जारी है. अमेरिकी सरकार ने साफ कर दिया है कि अगर इसकी पैरेंट कंपनी बाइटडांस अमेरिकी ऑपरेशन्स नहीं बेचती या सख्त डाटा लोकलाइजेशन और निगरानी नियमों का पालन नहीं करती, तो अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा. विश्लेषकों का मानना है कि दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत केवल व्यापार और टिकटॉक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आगामी मुलाकात की तैयारी भी है. खबरों के अनुसार, ट्रंप और शी जिनपिंग की आमने-सामने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाकिस्तान घर जैसा: सैम पित्रोदा के बयान से सियासी घमासान; बीजेपी ने कांग्रेस को घेरा

नई दिल्ली। ओवरसीज इंडियन कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल को घर जैसा बताया है। कहा, वहां के लोग भी हमारे जैसे दिखते हैं, हमारी भाषा बोलते हैं और हमारी संस्कृति से जुड़े हैं। बीजेपी ने इस पर सवाल उठाए हैं। सैम पित्रोदा ने कहा, मैं पाकिस्तान गया हूँ और वहाँ मुझे घर जैसा लगा। बांग्लादेश और नेपाल में भी घर जैसा महसूस हुआ। वहां के लोग मेरे जैसे दिखते हैं, मेरी तरह बात करते हैं। मेरे गाने सुनते हैं और मेरा खाना खाते हैं। हमें शांति और सद्भाव से रहना सीखना होगा। सैम पित्रोदा ने पड़ोसियों के साथ 'Neighbour First Policy' की वकालत करते हुए कहा, ये देश कठिन दौर से गुजर रहे हैं और भारत को इन्हें सहयोग देना चाहिए।



### भाजपा ने किया तीखा हमला

भाजपा ने सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के प्रति नरम रुख अपनाया है। कोई आश्चर्य नहीं कि 26/11 के बाद भी यूपीए सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब सैम पित्रोदा जैसे लोग पाकिस्तान को घर जैसा बता रहे हैं। यह कांग्रेस की पाकिस्तान-प्रेमी नीति का परिचायक है। सैम पित्रोदा पहले भी विवादास्पद बयान देकर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा चुके हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले उत्तराधिकार टैक्स और भारत की विविधता पर टिप्पणी की थी, जिसकी काफी आलोचना हुई।

## CGPSC घोटाले में बड़ा एक्शन: CBI ने पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक समेत पांच को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ में लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की 2021-22 की भर्ती परीक्षाओं में घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई ने पूर्व आईएएस समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सीजीपीएससी की पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, पूर्व सचिव व सेवानिवृत्त आईएएस जीवन किशोर ध्रुव, उनके बेटे सुमित ध्रुव, निशा कोसले और दीपा आदिल को शुक्रवार को विशेष कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। इनमें सुमित ध्रुव का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ था। इससे पहले भी सीबीआई कई बार आरती वासनिक व जीवन किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। मामले में अब तक कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के दौरान सीजीपीएससी भर्ती परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को 48 शिकायतें भेजी गई थीं। आरोप था कि प्रभावशाली राजनेताओं और अधिकारियों के करीबियों का डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य उच्च पदों पर चयन किया गया है।

तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा कोई जांच नहीं करने पर भाजपा नेता ननकी राम कंवर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद कोर्ट ने 18 अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर रोक लगा दी थी।

### 2021 में जारी हुआ था भर्ती विज्ञापन

सीजीपीएससी की ओर से भर्ती के लिए 2021 में विज्ञापन जारी किया गया था। प्रारंभिक परीक्षा में 171 पदों के लिए 2,565 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। 26 से 29 मई 2022 को मुख्य परीक्षा में 509 उम्मीदवार सफल रहे। साक्षात्कार के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की गई थी।

### भर्ती में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप

भर्ती में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, सचिव जीवन किशोर ध्रुव, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और अन्य अधिकारियों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई थी। वर्तमान विष्णु देव साय सरकार के अनुरोध पर इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई।

## 'या अली' गाने के लिए मशहूर जुबीन गर्ग का निधन: सिंगापुर में स्कूबा डायविंग करते समय घायल हुए थे; अस्पताल में मौत

नई दिल्ली। 'या अली' फेम सिंगर जुबीन गर्ग का 52 साल की उम्र में सिंगापुर में निधन हो गया। स्कूबा डाइविंग करते वक्त उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। इसके बाद गार्ड्स ने समुद्र से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई।



जुबीन गर्ग को 2006 में इमरान हाशमी स्टारर फिल्म गैंगस्टर के सॉन्ग या अली से फेम मिला था। वे दो दिन पहले सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे। यह तीन दिवसीय फेस्टिवल शुक्रवार यानी 19 सितंबर को शुरू होने वाला था, जिसमें जुबीन 20 सितंबर को परफॉर्म करने वाले थे। नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के प्रतिनिधि अनुज कुमार बोरूआ ने बताया- हमें बहुत दुख के साथ जुबीन गर्ग के निधन की खबर बतानी पड़ रही है। स्कूबा डाइविंग के दौरान उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया, जिसके बाद उन्हें सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने की कोशिशों के बावजूद, उन्हें आईसीयू में दोपहर 2.30 बजे मृत घोषित कर दिया गया। असम के तिनसुकिया में जन्मे, अभिनेता और निर्देशक रहे जुबीन का जन्म 18 नवंबर 1972 को असम के तिनसुकिया जिले में हुआ था। वे असमिया और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में गायक, संगीतकार, गीतकार, अभिनेता और निर्देशक रहे। उन्होंने असमिया, हिंदी, बांग्ला और अंग्रेजी में गाना गाए। इसके अलावा सिंगर ने बिष्णुप्रिया मणिपुरी, आदि, बोरो, अंग्रेजी, गोलपारिया, कन्नड़, कार्बी, खासी, मलयालम, मराठी, मिसिंग, नेपाली, उड़िया, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, तिवा सहित 40 भाषाओं और बोलियों में 38 हजार से ज्यादा गाना गए। जुबीन असम के हाईएस्ट पेड सिंगर थे। जुबीन गर्ग की छोटी बहन जोंगकी बारठाकुर भी गायक थी। उनकी 18 साल की उम्र में 23 साल पहले हादसे में मौत हुई थी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 12 जनवरी, 2002 को असम के सोनितपुर जिले में जोंगकी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### राहुल बोले - चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा

## चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा- 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन वोट चोरी और वोट हटाने के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा, चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा।



राहुल ने एक्स पर वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा- सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी!

इससे पहले उन्होंने गुरुवार को इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई थी।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को राहुल के Gen-Z वाले बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। वे कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी Gen-Z की बात करेंगे। वे अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं। भारत में अर्बन नक्सल के रूप में रिएक्ट करते हैं।

सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, मैं आलंद चुनाव के पार्टी इन्चार्ज था, मुझे विश्वास था कि वह सीट भाजपा जीतेगी, क्योंकि कांग्रेस ने कभी वह सीट जीती ही नहीं थी। अगर वाकई वोट चोरी हुई है तो कांग्रेस को इलेक्शन कमीशन का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद पहली बार आलंद सीट जीती। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा था, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र को नष्ट करने वालों और वोट चोरों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## करोड़ों रूपए की जीएसटी चोरी का खुलासा, 170 से अधिक बोगस फर्म बनाकर की जीएसटी चोरी

रायपुर। राज्य जीएसटी विभाग ने जीएसटी एनालिटिक्स और इंटेलिजेंस नेटवर्क तथा जीएसटी प्राईम पोर्टल का उपयोग करके बोगस फर्म और बोगस बिल तैयार करने वाले सिंडिकेट का पता लगाया है। इसका मास्टर माइंड मो. फरहान सोरठिया है, जो जीएसटी के कर सलाहकार के रूप में कार्य करता था। इस सिंडिकेट के कारण राज्य को प्रतिमाह करोड़ों रूपये के कर राजस्व का नुकसान होता था।




राज्य जीएसटी की बी.आई.यू. टीम इस प्रकरण पर एक माह से कार्य कर रही थी। मास्टर माइंड मो. फरहान सोरठिया के ऑफिस में 12 सितंबर को जांच की गयी। जांच के दौरान यहां से 172 फर्मों के बारे में जानकारियां मिली। फरहान ने अपने 5 ऑफिस स्टॉफ को फर्मों का पंजीयन कराने, रिटर्न फाईल करने और ई-वे बिल तैयार करने के लिये रखा था। इसके अलावा मास्टर माइंड के आफिस से बोगस पंजीयन के लिये किरायानामा, सहमति पत्र, एफिडेविट तैयार करने के भी साक्ष्य मिले हैं। 26 बोगस फर्मों से ही 822 करोड़ का ई-वे बिल जनरेट किया गया, जबकि रिटर्न में 106 करोड रूपये का ही टर्नओव्हर दिखाया गया है। केवल इन फर्मों से ही राज्य को 100 करोड़ रूपये के जीएसटी का नुकसान होने का प्रारंभिक आंकलन है। यहां से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार राज्य के भीतर और पंजाब, असम, मणिपुर, ओडिसा में भी पंजीयन लिया गया है। पंजीयन के लिए बोगस दस्तावेज जैसे किरायानामा एवं सहमति पत्र भी तैयार किये जाते थे।

इन फर्मों के माध्यम से बोगस सप्लाई बिल और ई-वे बिल जारी किए जा रहे थे। मो. फरहान के बोगस फर्मों से संबंधित दस्तावेज छुपाये जाने की सूचना पर विभाग ने 17 सितंबर को फरहान के चाचा मो. अब्दुल लतीफ सोरठिया के आवास में सर्च (जांच) किया गया। वहां अधिकारियों को 1 करोड़ 64 लाख रूपये के नोट और 400 ग्राम सोने के 4 बिस्किट मिले। विभाग के अधिकारियों ने इसे जब्त कर के आयकर विभाग को सूचना दे दी है।

## कल गुजरात में पीएम मोदी, 34200 करोड़ की देंगे सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अपने गृह राज्य गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और 34 हजार 200 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। पीएम मोदी यहां एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। उनका ये दौरा नेवी के क्षेत्र में अहम है। इंदिरा डॉक पर प्रधानमंत्री मोदी मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल का भी उद्घाटन करेंगे। अपने इस गुजरात दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी धोलेरा का एरियल सर्वे भी करेंगे।



भावनगर के कलेक्टर मनीष कुमार बंसल ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी 20 सितंबर को भावनगर आएंगे। वह जवाहर मैदान में लोगों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वह बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, गुजरात समुद्री बोर्ड और अन्य राज्यों के समुद्री बोर्ड की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री द्वारा इस क्षेत्र से संबंधित एक नीति की भी शुरुआत करने का कार्यक्रम है।'' उन्होंने बताया कि इस दौरान इस क्षेत्र की सरकारी और निजी संस्थाओं के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शासकीय कर्मचारियों को 30 सितंबर तक करना होगा ई-केवायसी, नहीं तो रुक सकती है सैलरी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के समस्त शासकीय कर्मचारियों को ई-केवायसी एक्स कार्य निर्धारित समय-सीमा 30 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि ई-केवायसी नहीं होने पर कर्मचारियों के वेतन भुगतान में दिक्कत आयेगी। इस संबंध में कोषालय शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार सभी शासकीय सेवकों को एम्पलाई कॉर्नर एप अथवा एम्पलाई कॉर्नर पोर्टल के माध्यम से अपने व्यक्तिगत विवरण दर्ज कर ई-केवायसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके लिए विभाग द्वारा मानक प्रक्रिया भी जारी की गई है। निर्देश में कहा गया है कि जिन शासकीय सेवकों का ई-केवायसी पहले किया जा चुका है, उनका विवरण आधार एवं समग्र पोर्टल से चेक कर लॉगिन द्वारा सत्यापित किया जायेगा। वहीं जिनका केवायसी लंबित है, उन्हें तत्काल यह प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

## मंत्रियों को मिले जिलों के प्रभार में फेरबदल: नए मंत्री गजेन्द्र यादव राजनांदगांव जिले के प्रभारी

रायपुर। राज्य शासन ने मेंत्रिमंडल में विस्तार के बाद मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में भी संशोधन किया है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को दुर्ग, बालोद, मोहला मानपुर, अंबागढ़ चौकी और बस्तर का प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को बलौदाबाजार- भाटापारा का प्रभार। मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े को बलरामपुर- रामानुजगंज का प्रभार। मंत्री गजेंद्र यादव को राजनांदगांव का प्रभार। गुरु खुशवंत साहेब को सक्ति जिले का प्रभार, मंत्री राजेश अग्रवाल को गौरेला पेंड्रा मरवाही का प्रभार सौपा गया है। और किस मंत्री को किस जिले का प्रभार दिया गया है।

# पुलिस की गांजा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, कई ठिकानों पर एक साथ छापा



राजनांदगांव (दवा)। जिले में अवैध नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, शुक्रवार 19 सितंबर को राजनांदगांव पुलिस ने गांजा तस्करों और नशे के सौदागरों के कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षकों वैशाली जैन और पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने एक साथ थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग और पुलिस चौकी चिखली के क्षेत्रों में दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने इन इलाकों के विभिन्न हिस्सों में तलाशी अभियान चलाया। कोतवाली पुलिस ने पुराना बस स्टैंड, गौरी नगर, टांकापारा और गंजचौक में कार्रवाई की। वहीं, बसंतपुर पुलिस ने जमातपारा, कुंआ चौक नंदई, कोठारपारा, बसंतपुर, बंगालीचाल, शिकारी मोहल्ला, अटल आवास और शिवनगर देवार मोहल्ला में छापा मारा। इसी तरह, लालबाग पुलिस ने पेंड्री अटल आवास और ट्रांसपोर्ट नगर पेंड्री में कार्रवाई की, जबकि चिखली पुलिस ने मोतीपुर, 16 खोली, गौरीनगर, स्टेशन पारा और शंकरपुर में संदिग्धों से पूछताछ की। इस छापेमारी में कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में आपराधिक गतिविधियों और अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पहला कॉलम...

### कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के चुनाव में जीत पर प्रदीप गांधी को मिली बधाई



नई दिल्ली। हाल ही में संपन्न हुए नई दिल्ली कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के चुनाव में सर्वाधिक मतों से जीत हासिल करने पर प्रदीप गांधी को कई वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है। उन्हें बधाई देने वालों में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह और पूर्व सांसद सुशील गुप्ता शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रदीप गांधी को उनकी जीत के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### राजेंद्र सोनी बने आम आदमी पार्टी के राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी



राजनांदगांव (दावा)। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी रणनीति को धार देने के उद्देश्य से विधानसभा स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-75 का प्रभारी राजेंद्र सोनी (भाई राजा)को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश महासचिव वृहद आलम, प्रदेश महासचिव (संगठन) उत्तम जायसवाल और प्रदेश महासचिव (संगठन) देवलाल नरेटी ने संयुक्त रूप से विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी की। इसमें राजनांदगांव विधानसभा की जिम्मेदारी संभालने के लिए राजेंद्र सोनी का चयन किया गया। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र के इष्टमित्रों समर्थकों और शुभचिंतकों ने राजेंद्र सोनी को बधाइयां और शुभकामनाएं दी। स्थानीय स्तर पर इसे संगठन के लिए ऊर्जा और नई दिशा देने वाला निर्णय माना जा रहा है। राजेंद्र सोनी लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनकी छवि आमजन से जुड़े हुए कार्यकर्ता की रही है। आम आदमी पार्टी ने उनके अनुभव और जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में संगठन का विस्तार और मजबूती मिलेगी। वहीं कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

### बाढ़ आपदा पर रानी सागर में मॉकड्रिल का आयोजन 25 को

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितंबर को सुबह 10 बजे से राजनांदगांव शहर के रानीसागर तालाब में बाढ़ आपदा पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉकड्रिल का आयोजन आपदा प्रबंधन की तैयारी को परखने तथा नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। साथ ही यह आयोजन केवल प्रशिक्षण के लिए किया जा रहा है। नागरिकों से अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखने तथा घबराने से बचने, अफवाहों से बचने तथा दूसरों को सही जानकारी प्रदान करने एवं मॉकड्रिल में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है। साथ ही नागरिकों से मॉकड्रिल को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

# राजनांदगांव पुलिस ने जुआं और सट्टा के खिलाफ चलाया अभियान, एक आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दवा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर, राजनांदगांव पुलिस ने जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थों और अवैध शराब बिक्री में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में, 18 सितंबर को सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर, इंडस्ट्रियल एरिया स्थित हनुमान मंदिर के पास छापा मारा गया। इस दौरान, रवि यादव (पिता स्व. गणेशराम यादव, उम्र 35 वर्ष, निवासी सहदेव नगर, थाना बसंतपुर) को रंगे हाथ अवैध सट्टा लिखते और खिलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा से जुड़े कई सामान और नकदी जब्त की। इसमें 43 पन्नों में लिखी सट्टा पट्टी, एक कैलकुलेटर, एक लाल डायरी, 13 डॉट पेन, दो क्यूआर कोड स्कैनर, दो मोबाइल फोन और 2840 रुपये नगद शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 535/25 के तहत छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल वारंट मिलने पर उसे जिला जेल राजनांदगांव भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम, प्र.आर. शंभूनाथ द्विवेदी, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा और अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 12 हजार रूपए, अतिवृष्टि से मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए, नदी के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए तथा अतिवृष्टि से 41 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 64 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 6 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 7 लााख 20 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 3 झोपड़ी आंशिक क्षति होने पर 9 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 39 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 30 कपड़ा व बर्तन आंशिक क्षति होने पर 75 हजार रूपए, आग से जलने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# नशामुक्त भारत अभियान, रजत जयंती महोत्सव व सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा मैराथन दौड़ कल

**सेवा मैराथन की श्रेणियाँ-**

1. ओपन वर्ग - 5 किलोमीटर
2. सीनियर सिटीजन वर्ग - 3 किलोमीटर
3. दिव्यांगजन वर्ग (ओपन) - 200 मीटर

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग, राजनांदगांव के द्वारा समता जनकल्याण समिति, राजनांदगांव के सहयोग से कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन मे नशामुक्त भारत अभियान तथा रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत सेवा मैराथन दौड़ 21 सितम्बर को सुबह 7 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मे किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मधुसूदन यादव महापौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा एवं विजेताओं को पुरस्कार सुश्री सुरुचि सिंह (आईएएस) मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगाँव के कर कमलों से किया जायेगा।

इस सेवा मैराथन का मुख्य उद्देश्य समाज को नशामुक्ति के संदेश से जोड़ना, नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देना तथा 'नशा समाज की जड़ है' इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। इसके माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशा छोड़ने एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, वृद्धजन, व्यवसायी, दिव्यांगजन एवं शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह आयोजन सामाजिक एकता, स्वास्थ्य संवर्धन एवं जन-जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

मैराथन का संचालन उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण में किया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए प्रमाणपत्र एवं प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार की व्यवस्था भी की गई है। जिसके अंतर्गत वर्ग एक एवं दो के विजेताओं को नगद राशि के रूप मे क्रमशः 3100, 2100 एवं 1100 एवं चौथे से ग्यारहवें विजेताओं को 500 रूपये साथ ही तृतीय वर्ग के विजेताओं को विभिन्न संस्थाओं द्वारा क्रमशः 1000, 700, 500 एवं स्मृति चिन्ह के साथ प्रमाण पत्र एवं पुरस्कृत किया जायेगा। यह सेवा मैराथन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से प्रारम्भ होकर कमला कॉलेज रोड-महाराणा प्रताप चौक-दीपिका विद्या मंदिर, आर के नगर चौक से यू-टर्न होकर पुनः हॉकी स्टेडियम मे समाप्त होंगी। जिसकी दुरी वर्ग एक के लिए 5 किलोमीटर, वर्ग दो के लिए 3 किलोमीटर, एवं वर्ग 3 के लिए 200 मीटर रहेगी।

आयोजकगण ने कल 21 सितम्बर दिन रविवार समय सुबह 7 बजे से अधिक से अधिक नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा मैराथन में सम्मिलित होकर नशामुक्त समाज निर्माण में सहयोग प्रदान करें तथा स्वस्थ एवं उज्ज्वल भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

# शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में पीएम मोदी के जीवन पर दिखाई गई डॉक्यूमेंट्री



=राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में एक विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी जी के संघर्षमय एवं प्रेरणादायी जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिसमें उनके बचपन से लेकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने की अद्भुत यात्रा को दर्शाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणादायी है। एक साधारण परिवार से निकलकर प्रधानमंत्री पद तक पहुंचना उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, राष्ट्र के प्रति समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रमाण है। श्री पारख ने कहा कि युवाओं को मोदी जी की कार्यशैली से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के जीवन से यह संदेश मिलता है कि दृढ़ संकल्प, निष्ठा और स्वच्छ राजनीति के मार्ग पर चलते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। श्री सिन्हा ने मोदी जी के सेवाभाव एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आज की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रोफेसर एस.आर. कनौजे ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक और वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। बल्कि विश्व राजनीति में भी अपनी सशक्त भूमिका निभा रहा है। डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन के पश्चात छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे और मोदी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रशांत गोलू गुप्ता, अशोकआदित्य श्रीवास्तव, बलवंत साहू, प्रखर श्रीवास्तव, प्रवीण शुक्ला सह प्रभारी सेवा पखवाड़ा, राजेश जैन रानू अमृता मोहन सिन्हा पार्षद, राजेश यादव, पंकज कुंजरेकर, गितेश गुप्ता जनभागीदारी सदस्य, आशीष जैन ज्ञानेश गुप्ता कमलेश प्रजापति, आशुतोष राजपूत रोहित सिन्हा अमितेश झा संयम जैन संभव बैद चेतन यादव जैकी सोनकर हिमांशु सोनवानी अंकित देवांगन एवं महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापकगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आज राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भट्टाचार्य नगर में

अल्प बचत अभिकर्ताओं की लेंगे बैठक



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय अल्प बचत संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीस भट्टाचार्य के छत्तीसगढ़ प्रवास देखते हुए दौरान 19 सितंबर को राजनांदगांव आगमन के उपलक्ष्य में बैठक आयोजित की गई। आज 20 सितंबर को राष्ट्रीय अल्प बचत संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीस भट्टाचार्य राजनांदगांव जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं। सुबह 10:00 बजे से 1:00 तक अभिभाजित जिले के अभिकर्ताओं के साथ निर्धारित बैठक में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सरोज मिश्रा प्रदेश महामंत्री दीपक थावरानी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। सभी अल्प बचत अभिकर्ताओं से सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की गई है। सम्मेलन नगर स्थित सिटीहार्ट रेस्टोरेंट में सुबह 10 बजे से 1 बजे के मध्य आयोजित की जाएगी।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202509093700025

अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनऊ आ. कामता बंजारे, निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव, तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगांव मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 58 सी. भूखण्ड क्रमांक 1. क्षेत्रफल 26.00 वर्गमीटर जो धारकगण सोनू आ. कामता, सोनऊ आ. कामता सतनामी, निवासी स्टेशनपारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक सोनू आ. कामता की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज कर शेष सहधारक का नाम यथावत् रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.10.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नजूल जांच राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

2-4-0

780-5 268-6

राजधानी

110-2 389-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# चिखली पुलिस ने शांति भंग करने वाले बदमाश पर की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दवा)। जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में, शुक्रवार 19 सितंबर को पुलिस चौकी चिखली ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया।

पुलिस को प्राप्त शिकायत और सूचना के आधार पर, आरोपी चंदू जाधव (पिता तुकाराम जाधव, उम्र 50 साल, निवासी गौरीनगर, चिखली) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर आवेदक और गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने का आरोप है। जिससे किसी गंभीर अपराध के होने की संभावना भी थी। आरोपी के खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कानूनी कार्रवाई की गई और उसे न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध गांजा, शराब बिक्री, असामाजिक तत्वों, गुंडों और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई, प्रधान आरक्षक अरुण कुमार नेताम, महिला प्रधान आरक्षक धनसिर भुआर्य, आरक्षक सुनील बैरागी, मिर्जा असलम, मनोज जैन, आदित्य सोलंकी और चौकी चिखली के अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गरबा के नाम पर अश्लीलता और फूहड़ता बर्दाश्त नहीं - हिन्दू युवा मंच

**छोटे और अंग प्रदर्शन करने वाली युवतियों को पंडाल के भीतर प्रवेश न दे**

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई ने आगामी नवरात्र के पर्व और नवरात्र के अवसर पर संस्कारधानी नगरी में होने वाले गरबा पंडालों के सभी आयोजनकर्ताओं से गरबा की मर्यादा को ध्यान में रखने और किसी भी आयोजन में देवी-देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप वाली थीम का प्रदर्शन न करने, छोटे और अंग प्रदर्शन करने वाली युवतियों को पंडाल के भीतर प्रवेश न देने और फूहड़ बॉलीवुड गीतों को न बजाने की अपील की है। गरबा उत्सव से जुड़ी तमाम गतिविधियों पर इस बार भी हिन्दू युवा मंच की पैनी नजर रहेगी। मंच ने सख्त लहजों में हिदायत दी है कि ऐसे पावन और धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजन में फूहड़ता और अश्लीलता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हिन्दू युवा मंच के जिला प्रभारी किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में और जिला अध्यक्ष सुरेश लोहमार, शहर अध्यक्ष राजा ताम्रकार और जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में हिन्दू युवा मंच ने एक विज्ञप्ति जारी कर, गरबा पंडालों से संस्कारधानी के अनुरूप गरबा उत्सव को पारंपरिक और मर्यादित तरीके से मनाने की अपील की है। इसके अलावा धार्मिक तीर्थ स्थलों और हिन्दू देवी देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप और उनका स्वांग रचने थीम का भी कड़ा विरोध करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी मंच के द्वारा गरबा पंडालों को सख्त हिदायत दी थी। हिदायत के बाद कुछ गरबा पंडालों ने अपनी थीम बदल दी थी तो वहीं कुछ एक गरबा पंडालों ने इस अनदेखी की थी। जब उन्हें इसकी खबर मिली तो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्ट्राग्राम पर माफी भी मांगी थी।

धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की यदि इस बार गलती की गई तो उन्हें कड़े विरोध और आंदोलन का सामना करने तैयार रहने की खुली चुनौती दी गई है। मंच ने यह भी हिदायत दी है कि यदि किसी पंडाल ने भूलवश या जानबूझकर देवी देवताओं के स्वांग रचने वाली थीम रखी है तो समय रहते उसे बदल दें। हमारी चेतावनी के बाद भी यदि किसी गरबा पंडालों ने ऐसा दुस्साहस करने का प्रयास भी किया तो उन्हें इसका खामियाजा भुगतना होगा। हमारी इस अपील के बाद भी अगर देवी-देवताओं का अनादर करने वाले और धार्मिकता का उपहास उडाने वाले कोई भी आयोजन होने की सूचना हमें प्राप्त होती है तो आयोजन को तत्काल प्रभाव से उसी समय बंद करा दिया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयोजन समितियों की होगी। संगीत एवं गीतों का चयन केवल देवी भक्ति और पारंपरिक गरबा डांडिया गीत बजाने, अश्लील, फूहड़ और द्विअर्थी गीत पर पाबंदी, महिलाओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने, महिला हेल्प डेस्क एवं शिकायत केंद्र की स्थापना गरबा पंडालों में करने, गरबा स्थल का प्रयोग केवल धार्मिक उद्देश्य के लिए करने की हिदायत दी है। वहीं सभी बहनों एवं माताओं से मर्यादित वस्त्रो को पहनने की भी अपील की गई है। यदि इसके बाद भी ऐसे मामले पाये जाते हैं तो हिन्दू युवा मंच ने आयोजनकर्ताओं पर इसकी जवाबदेही स्वयं तय करने की हिदायत दी है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX 20th Sep To 25th Sep 2025



Jolly LLB3 - 12:00pm, 03:30pm 06:00pm, 09:15pm & 09:30pm

Demon Slayer Kimetsu No Yaiba Infinity Castle (Hindi) - 12:30 pm

Mirai - 03:00pm & 09:00pm

Nishaanchi - 12:15 and 06:15 pm

Baaghi 4 - 03:15 & 06:30 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेल



बलिदानी राजा गुरु बालकदास

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे ग्रीन कॉरिडोर-एनएचएआई ने इस साल लगाए 2.71 लाख पौधे



○ 'एक पेड़ माँ के नाम-2.0' अभियान के तहत सड़कों के किनारे और डिवाइडर्स पर पौधरोपण
○ छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग- तरक्की की राह के साथ-साथ हरियाली की छांव भी - मुख्यमंत्री

रायपुर (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) जहां एक ओर देश में सड़कों का जाल बिछा रहा है, वहीं दूसरी ओर राजमार्गों के किनारों और डिवाइडर्स पर पौधे लगाकर ग्रीन कॉरिडोर भी तैयार कर रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के तहत इस साल छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे और डिवाइडर्स पर दो लाख 71 हजार से ज्यादा पौधे लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के साथ-साथ प्राधिकरण उन्हें 'ग्रीन कॉरिडोर' में भी बदल रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान छत्तीसगढ़ में हरियाली, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की नई दिशा दे रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर दो लाख 71 हजार से अधिक पौधे रोपित होना इस बात का प्रमाण है कि सड़क निर्माण केवल विकास की आधारशिला नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु और हरित जीवन का भी संकल्प है। राष्ट्रीय राजमार्ग से छत्तीसगढ़ में नागरिकों को तरक्की की राह के साथ ही हरियाली की छांव भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर का यह प्रयास छत्तीसगढ़ को न केवल यातायात सुविधा में बल्कि पर्यावरणीय संतुलन में भी देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करेगा।

उल्लखेनीय है कि छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत इस साल निर्धारित लक्ष्य से अधिक वृक्षारोपण किया है। रायपुर-विशाखापट्टनम (एनएच-130सीडी) परियोजना में सर्वाधिक 97 हजार 145 पौधे लगाए गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र सीमा-दुर्ग-रायपुर-ओडिशा सीमा (एनएच 53) पर 46 हजार 141 पौधे, चांपा-कोरबा-कटघोरा (एनएच 149बी) मार्ग पर 23 हजार 020 पौधे, बिलासपुर-कटघोरा (एनएच 130) मार्ग पर 16 हजार 847 पौधे, बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव (एनएच 130) मार्ग पर 14 हजार 400 पौधे तथा सिमगा-रायपुर-धमतरी (एनएच 30) परियोजना में 5406 पौधे रोपे गए हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के डिवाइडर्स पर मीडियन प्लांटेशन के रूप में पौधे लगाए गए हैं, जबकि किनारों पर एवेन्यू प्लांटेशन के रूप में पौधरोपण किया गया है। इनमें काफी संख्या में बड़े फलदार और छायादार वृक्ष भी शामिल हैं। नए इलाकों में पौधरोपण के साथ ही पिछले वर्षों में क्षतिग्रस्त हुए पौधों को बदलने के लिए 68 हजार 297 जगहों पर रिप्लांटेशन भी किया गया है। इस तरह चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक (15 सितम्बर 2025 तक) कुल दो लाख 71 हजार 253 पौधे राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगाए गए हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' सिर्फ एक वृक्षारोपण अभियान नहीं है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ी के लिए एक निवेश है। हमारा उद्देश्य सिर्फ सड़कों का निर्माण करना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और सुन्दर पर्यावरण का भी निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में इस साल दो लाख दो हजार 959 नए पौधे लगाए गए हैं, जबकि 68 हजार 297 जगहों पर रिप्लांटेशन किया गया है। इस तरह छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्गों पर इस साल (2025-26 में) अब तक कुल दो लाख 71 हजार 253 पौधे लगाए जा चुके हैं।

# सेवा पखवाड़ा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मनाया मोदी का जन्मोत्सव



रक्तदान, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ा रहा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव पर सेवा पखवाड़ा के तहत भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर और कपड़ा वितरण जैसी सामाजिक सेवाएं की गईं। मोदी जी के 75वें जन्मदिन पर प्रतीकात्मक रूप से 75 यूनिट रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा रायपुर जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख की टीम से भी 3 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और समाज प्रमुखों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं प्रधानमंत्री मोदी के जीवन और उपलब्धियों पर आधारित विशाल फोटो प्रदर्शनी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और सेवा पखवाड़ा के तहत हो रहे सामाजिक कार्यों के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा को बधाई दी।

कार्यक्रम में रायपुर सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज (कैबिनेट मंत्री), अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश सह प्रभारी आरिफ खान, पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नजमा अजीम, पूर्व मदरसा बोर्ड अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, पूर्व उर्दू अकादमी अध्यक्ष अकरम कुरैशी, पूर्व मदरसा बोर्ड अध्यक्ष यूनुस कुरैशी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर शेख आसिफ, हैरी जोसेफ (जिला उपाध्यक्ष), सलीम कुरैशी, अफसर खान, तबरेज खान, बशीर खान, इस्माइल खान सहित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे और सेवा कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# सेवा पखवाड़ा : जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित लगाई गई फोटो प्रदर्शनी



जनमन पत्रिका का किया गया नि:शुल्क वितरण

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। जनसंपर्क विभाग के फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की खुबसूरत झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई दे रही है। कलेक्टोरेट पहुंचने वाले नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र बन रहा है। फोटो प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में नागरिक अवलोकन कर रहे है।

इस दौरान सेवा पखवाड़ा एवं छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन एवं शासन की योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट्स का नि:शुल्क वितरण किया गया। जिला कार्यालय आवश्यक कार्य से पहुंचे भिलाई दुर्ग निवासी दिलीप कुमार यादव ने प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री के जीवन संघर्षों को जानने का मौका मिला। उन्होंने जनसंपर्क विभाग के फोटो प्रदर्शनी की सराहना की। राजनांदगांव निवासी चित्रकांत वर्मा कलेक्टोरेट कार्यालयीन कार्य से पहुंचे थे। उन्होंने प्रदर्शनी देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी को जानने का अच्छा मौका मिला है। राजनांदगांव निवासी सुश्री भूमिका कुर्रे ने कलेक्टोरेट परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाए गए प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी की सराहना की। इस दौरान कलेक्टोरेट पहुंचे नागरिकों ने फोटो प्रदर्शनी को देखा और जनमन पत्रिका के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# डोंगरगढ़ मेले के लिए पदयात्रियों की सुविधाओं का सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने लिया जायजा : पेयजल, बिजली, दवाईयां व साफ-सफाई की व्यवस्था रखने दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने क्वांर नवरात्रि पर्व पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में आयोजित नवरात्रि मेला में शामिल होने वाले पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पदयात्री मार्ग के सेवा पंडालों, यात्री प्रतीक्षालयों, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम अंजोरा, देवादा, सोमनी एवं सुकुलदैहान से अछोली में लगने वाले सेवा पंडाल का जायजा लिया। उन्होंने पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सेवा पंडालों में पेयजल, बिजली, दवाईयां, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने पदयात्री मार्ग में आने वाले ग्रामों के सामुदायिक भवनों में नियमित साफ-सफाई करने, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत देवादा एवं सुकुलदैहान में निर्माणाधीन महतारी सदन का निरीक्षण किया तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत देवादा में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण कर आवास को शीघ्र पूर्ण करने कहा। ग्राम भानपुरी में पदयात्री मार्ग पर शेड, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं मेला के लिए की जा रही तैयारी की जानकारी ली। ग्राम मुसराकला में फिकल स्लज निर्माण कार्य, लोक सेवा केन्द्र हेतु भवन निर्माण, महिला प्रशिक्षण हेतु भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं आश्रित ग्राम मुसराखुर्द में आदि शक्ति कुटीर एवं बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण किया गया। ग्राम कुसमी में आदि शक्ति कुटीर का अवलोकन किया एवं सामुदायिक सोख्ता गड्ढा की साफ-सफाई कराने के लिए निर्देशित किया। ग्राम माड़ीतराई में आदि शक्ति कुटीर, सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई कराने कहा। उन्होंने ग्राम बेलगांव में शक्ति कुटीर एवं यात्री प्रतिक्षालय एवं मेला हेतु की जा रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव मनीष साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्रीमती भगवती साहू, करारोपण अधिकारी जनक शुक्ला, उप-अभियंता, तकनीकी सहायक, स्वच्छ भारत मिशन के विकासखंड संकुल समन्वयक, ग्राम पंचायतों से सरपंच, सचिव, पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# दिग्विजय कालेज के एनसीसी केडेट स्वच्छता से जुड कालेज परिसर के आस पास किए श्रम दान

### महापौर एवं आयुक्त के नेतृत्व में प्रतिदिन स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां संचालित



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाने की कडी में महापौर मधुसूदन यादव एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता संबंधित प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वच्छता अभियान में सामाजिक संस्थाएं, स्कूल कालेज के विद्यार्थी, एनसीसी केडेट भी स्वच्छता में सहभागी बन रहे है। इसी कडी में आज प्रातः शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी केडेट दिग्विजय कालेज के आस पास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिए।

शहर में प्रतिदिन स्वच्छता का माहोल देखने को मिल रहा है, जिसमें नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सहित विभिन्न संस्थाएं अपनी सहभागिता निभा साफ सफाई कर रहे है। आज के स्वच्छता अभियान में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी केडेट कालेज परिसर के आस पास साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाए तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता से जुड़ने का आव्हान किये कि अपने घर के आस पास, अपने परिसर की साफ सफाई रखे एवं अपने लोगों को भी स्वच्छता से जोडे।

स्वच्छता अभियान के दौरान केडेटो ने स्वच्छता की शपथ लिए कि अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेगे। हम यह भी शपथ लेते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे, हर सप्ताह 2 घंटे सफाई करने समय देगें और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे। स्वच्छता अभियान में एनसीसी केडेट के अलावा निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र भानपुरी का किया आकस्मिक निरीक्षण



○ किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में 30 सितंबर तक पंजीयन कराना अनिवार्य
○ गिरदावरी कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज राजनांदगांव विकासखंड के धान खरीदी केन्द्र भानपुरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शेष किसानों संपर्क कर शीघ्र एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने कहा। उन्होंने कहा कि सभी किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके लिए 30 सितंबर तक समय-सीमा निर्धारित किया गया है। उन्होंने इसके साथ ही गिरदावरी कार्य को 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने से किसानों को फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि एवं धान विक्रय का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके लिए अनिवार्य रूप से किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने कहा।

# विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने गणेश उत्सव समितियों को सम्मानित किया



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिसे संस्कारधानी के नाम से जाना जाता है। जिसमें इस वर्ष गणेश उत्सव भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया। इन भव्य आयोजनों को सफल बनाने वाली गणेश उत्सव समितियों के सम्मान में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने नगर निगम टाउन हॉल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया।

### 128 समितियों का सम्मान

इस समारोह में शहर की कुल 128 गणेश उत्सव समितियों को सम्मानित किया गया। विहिप के प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि गणेश मूर्तियों को पारंपरिक और सनातन परंपराओं के अनुसार बनाया जाना चाहिए। उन्होंने समितियों से अपील की कि वे अपनी झांकियों और कार्यक्रमों में भक्ति तथा देशभक्ति गीतों को प्राथमिकता दें, ताकि युवा पीढ़ी में जागरूकता और राष्ट्रभक्ति की भावना बढ़े। विहिप के प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे ने संगठन के उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला और समितियों से जुड़ने का आग्रह किया।

### उपस्थित गणमान्य

कार्यक्रम में विहिप और बजरंग दल के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। जिनमें प्रांत विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अरुण गुप्ता, संगठन मंत्री कन्हैया कुंदन, विभाग मंत्री अनूप श्रीवास, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष शिव वर्मा, नगर संयोजक मोहित यादव, गौ रक्षा प्रमुख प्रिंस हाथीबेड, और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। इनके अलावा, भोला सिन्हा, दीपक सिन्हा, राहुल ताम्रकार, सारंग ताम्रकार, जुगल शर्मा, आशीष गांधी, मातृशक्ति संयोजिका अंजली वाडेकर और सह संयोजिका बबीता मिश्रा भी उपस्थित रहीं। समारोह के अंत में, सभी समितियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि यह सम्मान न केवल परंपराओं को बनाए रखने वालों का है, बल्कि समाज को एकजुट करने और संस्कृति को जीवंत रखने वालों का भी है।

# कैट और एमएसएमई ने स्वदेशी से स्वावलंबन की राह पर विमर्श किया

राजनांदगांव (दावा)। स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एमएसएमई और कैट (कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) दुर्ग इकाई द्वारा एक विशेष विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वदेशी और विदेशी वस्तुओं की तुलनात्मक सूची और स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत नामक एक पुस्तक अतिथियों को भेंट की गई।

कार्यक्रम में भारत सरकार के एमएसएमई डीएफओ रायपुर के सहायक निदेशक योगेश कुमार, उद्यमिता विशेषज्ञ प्रेम आनंद राव, स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ के प्रांत सह-समन्वयक संजय चौबे सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। कैट के जिला अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने बताया कि इस अभियान के तहत घर-घर जाकर ऐसी वस्तुओं की सूची वितरित की जा रही है। जिससे लोग विदेशी के बजाय भारतीय उत्पादों का उपयोग करें। इस सूची में साबुन, टूथपेस्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, मोबाइल ऐप्स और पैकेज्ड फूड जैसी दैनिक जीवन की वस्तुएं शामिल हैं।

### महिलाओं के उत्पादों को मिलेगा बाजार, स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला का होगा आयोजन

कैट की महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन ने घोषणा की कि 5 अक्टूबर को महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों की वार्षिक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी महिलाओं को उनके उत्पादों के लिए बाजार और राष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद करेगी। प्रांत सह-समन्वयक संजय चौबे ने बताया कि आगामी माह से महिलाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इन कार्यशालाओं में सिलाई, पैकेजिंग, डिजिटल मार्केटिंग और हैंडीक्राफ्ट जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिलाओं के स्वावलंबन से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

एमएसएमई प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने इस कार्यक्रम को एक जन-आंदोलन बताते हुए कहा कि आने वाले महीनों में यह अभियान हर जिले और गाँव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं स्थानीय रोजगार और उद्योगों को बढ़ावा देती हैं, जबकि विदेशी वस्तुएं पूंजी को बाहर ले जाती हैं। कैट और व्यापारी संगठन ने सभी परिवारों से घर-घर स्वदेशी अपनाएं, विदेशी को हटाएं का आह्वान किया है ताकि भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ सके। यह जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# कल राजनांदगांव में अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल

राजनांदगांव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा जिले की अंडर-19 क्रिकेट टीम के गठन के लिए आगामी 21 सितंबर 2025 रविवार को दिग्विजय स्टेडियम में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 8:30 बजे से शुरू होगी।

### पात्रता और पंजीकरण

इस चयन प्रक्रिया में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिनका जन्म 1 सितंबर 2007 या उसके बाद हुआ है और जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। जिन खिलाड़ियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 से 5 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज हैं। पिछले 5 वर्षों की अंकसूची, जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड (सभी की मूल प्रति) और पासपोर्ट साइज फोटो। इन दस्तावेजों के बिना पंजीकरण नहीं किया जाएगा।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि चयनकर्ताओं द्वारा चुने गए खिलाड़ियों के लिए एक सघन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में प्रदर्शन के आधार पर ही खिलाड़ियों को अंतिम रूप से अंडर-19 टीम में शामिल किया जाएगा। यह टीम छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर-जिला क्रिकेट चैम्पियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इच्छुक खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वे क्रिकेट की सफेद ड्रेस और अपनी किट के साथ ही ट्रायल में शामिल हों। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# जल प्रदूषण के खिलाफ संदेश : मूर्तिकार ने बनाई दुनिया की सबसे छोटी दुर्गा प्रतिमा



भिलाई (दावा)। जल प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने दुनिया की सबसे छोटी मां दुर्गा की मूर्ति बनाई है, जो मात्र एक चने के दाने जितनी छोटी है। इस मूर्ति को संगमरमर के पत्थर से तराशा गया है। इस सूक्ष्म कलाकृति में मां दुर्गा की भावभंगिमा, उनका आशीर्वाद देता हुआ हाथ, सभी अस्त्र-शस्त्र और दहाड़ता हुआ शेर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। एक तस्वीर में एक महिला श्रद्धालु इस छोटी-सी मूर्ति को अपनी उंगली पर रखकर निहारती हुई दिख रही हैं। डॉ. देवांगन का कहना है कि जल प्रदूषण रोकने के लिए विशाल प्रतिमाओं के बजाय छोटी मूर्तियां बनानी चाहिए और उनका विसर्जन नदियों या तालाबों में करने के बजाय विशेष कुंड बनाकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम सब मिलकर प्रयास नहीं करेंगे तो आने वाले 20-30 सालों में धरती रहने लायक नहीं बचेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि सरकार को दोष देने के बजाय हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ धरती दे सकें।

## अनमोल दावा

> जीवन में शांति चाहते हैं तो दूसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें।

## भारत में हिंदी अब संपर्क की सबसे अधिक बोलने वाली भाषा

मेरे एक मित्र है जो तेलंगाना में तिरुचिरापल्ली में रहते है और प्रवर्तन निदेशालय में उच्च पद पर कार्यरत हैं लेकिन वे तेलगु भाषी हैं। वे अक्सर दिल्ली में अधिकारियों से बात करते रहते हैं। 20 वर्षों पहले उनकी हिंदी बहुत ही कमजोर या तो समझो कि न के बराबर थी लेकिन आजकल वे बहुत ही खूबसूरत हिंदी बोलते समझते हैं। अभी मुंबई में तीसरी भाषा महाराष्ट्र में पढ़ाने को लेकर विवाद हुआ। शिवसेना के नेता राज ठाकरे ने मराठी मानुष की बात की। लेकिन अब वह समय आ गया है कि हिंदी अपने आप जरूरत के मुताबिक अपना स्थान बना रही है। यहां तक कि अखबारों की रीडरशिप में तो अंग्रेजी को भी मात कर रही है।

जेएनयू में हिंदी पत्रकारिता विभाग प्रवक्ता राम बिहारी पाठक का कहना है कि अब भारत की संपर्क भाषा हिंदी है। अगर आप तेलगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, मराठी में बोलेंगे तो कोई नहीं समझेगा लेकिन अगर आप टूटी फूटी हिंदी या अंग्रेजी में संपर्क करें तो लोग समझ सकते हैं कि आप का कहना क्या है। हिंदी को आगे बढ़ाने में टेलीविजन, राजनीति का बहुत बड़ा सहयोग है। कन्नड़ भाषी मल्लिकार्जुन खड़गे, तमिल भाषी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, शशि थरूर, गुलाम नबी आजाद, असद्दीन ओवैसी आदि भी सदन में और मंत्रालय में हिंदी बोलते हैं। हिंदी को राजभाषा का दर्जा है लेकिन राष्ट्रभाषा दर्जा नहीं है। हिंदी आजादी से पहले भारत की आधिकारिक भाषा नहीं थी बल्कि आजादी के बाद हिंदी को संविधान की 15 वीं अनुसूची में शामिल किया गया था। उसमें भारत की 11 प्रमुख भाषाएं दर्ज है जिसमें मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलगु, मराठी, बंगाली, असमी, अंग्रेजी, गुजराती, उर्दू और पंजाबी भाषा दर्ज हैं, बाद में कुछ क्षेत्रीय भाषाओं को स्थान मिला है।

समय-समय पर हिंदी को संविधान की राष्ट्रभाषा बनाने के प्रयास हुए मगर तमिलनाडु से इसका विरोध शुरू हुआ। 1966 में तो तमिल नेता पेरियार ने भाषाई आधार पर राज्य बनाने की मांग की उसी के चलते तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों का गठन हुआ। लेकिन हिंदी भाषा को राष्ट्र भाषा स्वीकार नहीं किया।

आजादी के बाद हिंदी सिनेमा ने हिंदी को लोकप्रिय बनाया। महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर, अटल बिहारी वाजपेई, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, जयशंकर प्रसाद, हरिवंश राय बच्चन आदि कवियों के सहयोग हिंदी के लिए याद किया जाएगा। लेकिन स्व. जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेई ने प्रधानमंत्री के तौर पर हिंदी को राजकाज में उपयोग करना भी हिंदी के लिए सार्थक रहा। तमिलनाडु के राजनेता दिल्ली आ कर हिंदी सीखते हैं। सोमनाथ चटर्जी, इंद्रजीत गुप्ता भी हिंदी बोलते समझते थे। दक्षिण भारत के नेता के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिंह राव अच्छी हिंदी बोलते थे। यहां तक कि सोनिया गांधी, सुब्रमण्यम स्वामी, रमेश चीनीथेला ने भी हिंदी को स्वीकार किया। अब बात करते हैं नई पीढ़ी की तो वह तो हिंदी बोलती या अंग्रेजी, कॉर्पोरेट में हिंदी का प्रचलन है। महानगरों में केवल चेन्नई को छोड़कर, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, जयपुर, अहमदाबाद, बंगलुरू, पुणे, हैदराबाद, नासिक, भुवनेश्वर, पूरी, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, गोवा, ओड़िशा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, पंजाब, असम नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, बिहार, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक में हिंदी ही संपर्क भाषा है।

# प्रधानमंत्री मोदी : तकनीक के चैंपियन, वह कर दिखाया जो असंभव था



**अश्विनी वैष्णव**

प्रधानमंत्री मोदी तकनीक को तो समझते ही हैं लेकिन इंसानों को उससे भी बेहतर ढंग से समझते हैं। अंत्योदय का उनका सोच ही हर डिजिटल पहल को आगे बढ़ाती है। मोदी जी ने तकनीक को शासन की भाषा बना दिया है। उन्होंने साबित किया है कि जब नेता तकनीक को इंसानियत के साथ अपनाते हैं तो पूरा देश भविष्य की ओर बड़ी छलांग लगाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया है। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला भी वही यूपीआइ पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है और बड़ी कंपनी का अधिकारी भी। यह बदलाव प्रधानमंत्री के मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के जरिये गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक से ग्रामीण उद्योगों को लगातार बिजली मिली। इससे महिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन घटा। इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ ढाई साल में हो गई। 2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया।

इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफी थी। इससे नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मजबूत करता है। ई-धरा प्रणाली से जमीन के कागजात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। आनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी। 2014 में मोदी जी ने गुजरात का अनुभव और सीख दिल्ली तक पहुंचाया, लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था। उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक बना, जो दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई। जन धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से कर्ज तक पहुंचने का अवसर मिला।



आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हो गया। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन और भाग-दौड़ भरी थी। आधार-आधारित ई-केवाईसी से छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं। यूपीआइ ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। सिर्फ अगस्त में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। सिंगापुर से लेकर फ्रांस तक कई देश यूपीआइ से जुड़े हैं। जी-20 ने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को समावेशी विकास के लिए जरूरी माना है।

जापान ने इसके लिए पेटेंट भी दिया है। जो शुरुआत में भारत का समाधान था, वही अब विश्व के लिए डिजिटल लोकतंत्र का माडल बन गया। आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। पीएम मोदी के सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआइ ढांचे को अंतिम रूप दिया। आज यूपीआइ, वैश्विक स्तर पर वीजा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर सब कुछ बन गया है।

च्प्रगतिज् ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है। तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। किसानों को अब मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डाटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है। डिजीलाकर में 57 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के 967 करोड़ दस्तावेज डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आधार आथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में जितना एक हालीवुड फिल्म पर भी नहीं लगता। चंद्रयान-3 ने भारत को चांद पर साफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। जब कोविड-19 आया तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा-तफरी से जूझ रही थी। तब कोविन प्लेटफार्म रिकार्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था। प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है। दुनिया के 20 प्रतिशत से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है। पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआइएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। इंडिया एआइ मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक-तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिर्फ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकान वैली जैसी सुविधाएं मिली हैं। तकनीक के प्रति पीएम मोदी की समझ भारत की अनूठी एआइ रेगुलेशन नीति में भी झलकती है।

केवड़िया में 182 मीटर की स्टैच्यू आफ यूनिटी विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा है। चिनाब पुल 359 मीटर ऊंचा है, जो कश्मीर को शेष भारत से जोड़ता है। आइजोल रेल लाइन कठिन पहाड़ी इलाकों से गुजरती है, जिसमें हिमालयन टनलिंग मेथड का प्रयोग किया गया है, जिसमें कई सुरंगें और पुल शामिल हैं। नया पंबन पुल सौ साल पुराने ढांचे की जगह आधुनिक इंजीनियरिंग से बनाया गया है।

इंजीनियरिंग की ये अद्भुत कृतियां प्रधानमंत्री के उस सोच को दर्शाती हैं जिसमें तकनीक और दृढ़ संकल्प के सहारे भारत को जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी तकनीक को तो समझते ही हैं, लेकिन इंसानों को उससे भी बेहतर ढंग से समझते हैं। अंत्योदय का उनका सोच ही हर डिजिटल पहल को आगे बढ़ाती है। मोदी जी ने तकनीक को शासन की भाषा बना दिया है। उन्होंने साबित किया है कि जब नेता तकनीक को इंसानियत के साथ अपनाते हैं तो पूरा देश भविष्य की ओर बड़ी छलांग लगाता है।

**रेल मंत्रालय और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

# विचारणीय-04 : सर्वोत्तम निवेश



**युगल किशोर तिवारी**

पूरे विश्व में आज व्यक्ति और देशों की चिंता का विषय है सर्वोत्तम निवेश कहाँ किया जाए? सबसे बढिया निवेश है। मानव संसाधन विकास में निवेश। सीधे सरल शब्दों में अपने बच्चे ही बेहतर शिक्षा, पढ़ने लिखने के काबिल और सक्षम बनाना की व्यवस्था ही आज समय की मांग है और इससे बढकर दूसरा बेहतर निवेश नहीं हो सकता। एक बच्चा आज के प्रतिस्पर्धी युग में वर्तमान चुनौतियों का सामना कर सके।

एक दिन एक किशोर मिला, अपनी विधवा मों के साथ राशन लेने जा रहा था। देखते ही पूछा-कहां पढ़ते हो? उसका जवाच था ओपन स्कूल में परीक्षा दिलाउंगा। सुनकर हैरानी हुई, जो बाते वह नियमित विद्यार्थी के रूप में अपने सहपाठियों से संवाद के माध्यम से सीख सकता था, उससे वह वंचित हो रहा है। स्कूलों में क्या हम सब कुछ केवल शिक्षक से ही सीखते हैं? परस्पर अन्तः किया से भी बहुत कुछ सीखते हैं।

मप्र के इन्दौर में बाल निकेतन चलता है, प्री प्राइमरी शिक्षिकाओं के लिए प्रशिक्षण केन्द्र, हैदराबाद में बेहतर डायमण्ड जुबली स्कूल देखा। आज पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में एक भी मानक संस्था नहीं है. शालेय पूर्व शिक्षा के शिक्षकों/शिक्षिआओं को प्रशिक्षित करने। जबकि, प्री स्कूल की कक्षाये हर शहर/कस्बे में बेतहाशा चल रहीं है। कोई मानक नहीं है।

छत्तीसगढ़ में किसी ऐसे प्ले स्कूल के अभाव की दिशा में ए बी सी कीडस प्रारंभ किया, जो बच्चों की वैयक्तिक भिन्नता का प्रतीक था। उद्देश्य था शालेय पूर्व शिक्षा का अवसर प्रदान करना। नगर में बहुते लोकप्रिय/चर्चित रहा। अन्य संस्थाओं ने अनुकरण भी किया। उसकी स्थापना के पहले तय किया था कि हमारे प्रयास से यदि किसी संस्था में एक झुला भी लग गया तो प्रयास सफल माना जायेगा। प्ले स्कूल में विस्तृत कैम्पस, छोटे बच्चों के खेलने के लिए रेत से भरा 'सैण्ड पिट' था ।

पहले दिन जो बच्चा अपने पापा की उंगली पकड़ कर चलते आया था बाद में घुटनों के बल फिसलने लगा खुला बड़ा बरामदा पाकर। आमतौर पर आजकल घरों में खुली जगह कम होती है और साफ सफाई, बीमारी के चलते बच्चों को सीधे चलने सीखाया जाता है।

तब छोटे बच्चों के लिए आकर्षक गतिविधियों की जाती थी। प्रत्येक पर्व पर बच्चों को संबंधित जगह ले जाया जाता था। मसलन गुरूनानक जयंती पर गुरुद्वारा, जहाँ एक सिक्ख बच्चे को देखकर सब दण्डवत हो गए। एक पालक ने बाद में टीप की 'आपने तो उल्टी गंगा बहा दी। पहले हम बच्चों को बताते थे, अब हमारा बच्चा बताता है वो देखो पापा गुरुद्वारा।'

ईद की नमाज, जन्माष्टमी पर कृष्ण मंदिर और किस्मस पर चर्च आदि। एक चर्च में तो वहाँ के फादर ने टीप की 'अच्छा किया आपने। हमारे स्कूल के शिक्षकों को तो फुर्सत नहीं मिलती। इसके अलावा मोहारा जल शोधन संयंत्र, ले जाया गया था। वहाँ बच्चों ने बगल में नदी में बहते पानी को छूकर देखा और रेत में मजे से चले भी। एक प्रतिष्ठित परिवार की दादी ने कहा कल पदमांशु कल कह रहा था मैं बहुत थक गया हूँ। छोटे बच्चे के मुंह से ऐसा सुनना पालक को गौरान्वित करता है। पहले दिन बच्चों को नदी दिखाने ले गए थे, बच्चे रेत पर पैदल चले, नदी के पानी को छुआ।

भिलाई मैत्री बाग भ्रमण आदि। एक बच्चा बहुत कम बोलता था, वहाँ जानवरों के छोटे बच्चों को देखकर वह बहुत खुश हुआ और सामान्य बोलने लगा।

छोटे बच्चों में पढ़ने के प्रति रूचि पैदा करने उनकी उंचाई का रीडिंग स्टैण्ड बनवाया गया था जिसमें प्रतिदिन एक नया चित्र प्रदर्शित होता था। उस केन्द्र में कोई गणवेश निर्धारित नहीं था। बच्चे जब केन्द्र में आते तब, सबसे पहले उनके पहने कपड़े, उनके रंग पर बात होती। दरअसल, गणवेश पालकों के लिए ज्यादा सुविधाजनक होता है। बच्चे की रूचि / पसंद को नजर अंदाज किया जाता है। एक मम्मी की शिकायत थी कि, 'ये रोज जीन्स पहनने की जिद करता है।' बच्चों की पसंद / नापसंद क्या कोई मायने नहीं रखता?

केन्द्र का समय भी बच्चों के लिए सुविधाजनक था। एक बार दीक्षांत समारोह में पुलिस ग्राउंड ले जाना था, संबंधित अधिकारी की अपेक्षा थी कि, हम उन्हें सुबह उनके आर्कषक मार्च पास्ट दिखायें. पर मना कर दिया। आखिर छोटे बच्चों की सुविधा का भी ध्यान रखना था।

एक बार बच्चों को रेल्वे स्टेशन घुमाने ले गये, तब, स्टेशन मास्टर ने कहा- छोटे बच्चे क्या देखेंगे रेल्वे स्टेशन में? जवाब था बच्चों के ही तो देखने की जगह है स्टेशन, बडे तो यात्रा करने आते हैं।

8827292489

## सामयिक चर्चा

### कांग्रेस कार्यकर्त्ता की खुशी!

गजाधर ध्यान से सुन रहे थे।  
बानी गंभीरता से  
खबर पढ़ रहे थे -  
विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के  
निर्वाचन क्षेत्र में  
देशव्यापी 'वोट चोर गद्दी छोड़'  
अभियान में शामिल होने के बाद  
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के  
महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी  
सचिन पायलट ने  
जयस्तंभ चौक पर कहा -  
वोट चोरी एक गंभीर मामला है।  
इसके लिए हम सबको,  
जागरूक होना पड़ेगा।  
उन्होंने उम्मीद जताई कि जनता के सामने  
चुनाव आयोग को झुकना ही पड़ेगा।  
साय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए  
पायलट ने कहा - यह सरकार  
पौने दो साल से हर मोर्चे पर  
विफल रहा है।  
उन्होंने दावा पूर्वक यह बात कही है  
कि छत्तीसगढ़ में 38 माह बाद  
फिर बनेगी कांग्रेस की सरकार।''  
गजाधर मुस्कराए बोले-''अच्छा! अच्छा!!  
अब समझ आया बानी!  
तभी एक कांग्रेसी कार्यकर्त्ता  
चहक रहा था -  
अब हम लोगों के दिन,  
फिर बहुरेंगे यार!''



गिरीश बक्शी

## सार्थक जीवन की राह

एक राजा अपने गुरु के दर्शन करने उनके आश्रम पहुंचे। वहां उन्होंने कहा, 'गुरु जी, मुझे कोई ऐसा प्रेरक वाक्य बताइए या राह दिखाइए जो महामंत्र बनकर न केवल मेरा बल्कि मेरे उत्तराधिकारियों का भी मार्गदर्शन करता रहे।'

गुरुजी ने उन्हें एक श्लोक लिखकर दिया जिसका अर्थ यह था, 'मनुष्य को दिन व्यतीत हो जाने के बाद कुछ समय निकालकर यह चिंतन अवश्य करना चाहिए कि आज का मेरा पूरा दिन पशु के समान गुजरा या सत्कर्म करते हुए बीता। क्योंकि बिना समाज सेवा, परोपकार आदि के तो पशु भी अपना गुजारा प्रतिदिन करते हैं, जबकि मनुष्य का कर्त्तव्य तो अपने इस श्लोक का राजा पर इतना असर पड़ा कि उन्होंने इसे अपने सिंहासन पर लिखवा दिया। अब वह यह करते कि उनका दिन अच्छे काम में बीता या नहीं। एक दिन अति व्यस्तता के कारण वह किसी की मदद नहीं कर पाए।

रात को सोते समय दिन के कामों का स्मरण करने पर उन्हें याद आया कि आज उनके हाथ से कोई सद्कार्य नहीं हो पाया। वह बेचैन हो उठे।

उन्होंने सोने की कोशिश की पर उन्हें नींद नहीं आई। आखिरकार वह उठकर बाहर निकल गए। रास्ते में उन्होंने देखा कि एक गरीब आदमी ठंड में सिकुड़ रहा है। उन्होंने उसे अपना दुशाला ओढ़ाया और फिर राजमहल में लौट आए।

अब उन्हें इस बात का अहसास हुआ कि आज का दिन अच्छा बीता। उन्होंने सोचा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति नेक कार्य, सद्भावना व परोपकार को अपनी दिनचर्या में शामिल कर ले तो उसका जीवन अवश्य सार्थक हो जाएगा। यह सोचते हुए उन्हें नींद आ गई।

## लघुकथा

### // दो टूक //

प्रिया सम्पन्न माता-पिता की इकलौती संतान थी। शरद से उसका लव मैरिज हुआ था। शरद की नौकरी एक प्राइवेट कंपनी में थी। नन्ही श्वेता के आते तक दोनों के बीच ठीक-ठाक सम्बन्ध रहा। फिर धीरे-धीरे प्रिया पर अपने माता-पिता के वारिस होने का अहम् हावी होने लगा। वह चाहती थी कि शरद अपना जॉब छोड़ दे, पर शरद तैयार नहीं था। फिर दोनों में मनमुटाव बढ़ने लगा। आखिर प्रिया और शरद के बीच डिवोर्स की नौबत आ ही गई।

फैमिली कोर्ट के आदेश मुताबिक प्रिया को शरद से श्वेता का भरण-पोषण भत्ता मिलने लगा। देखते-ही-देखते पंद्रह बरस बीत गए। शरद व प्रिया एक ही शहर में रहते थे। इसलिए अक्सर श्वेता शरद से मिल लिया करती थी, पर अब वह उन्हें एक साथ देखना चाहती थी। शरद तैयार भी था, पर यह बात प्रिया को कतई पसंद नहीं थी।

एक दिन श्वेता को शरद से मिल कर आते हुए देख प्रिया ने बड़े सख्त स्वर में कहा- '...क्यों गई थी तू फिर वहाँ, मेरे बार-बार मना करने के बावजूद ? आखिर तुझे मेरे पास किस चीज की कमी है?''



प्रिया की बातें सुन श्वेता ने दो टूक जवाब दिया- '...ताकि मुझे अपने पापा से प्यार मिलता रहे; और आपको अपने तलाकशुदा पति से मेरा भरण-पोषण भत्ता।'

**टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'**  
**घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)**

## राशिफल

**मेष** — प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृष राशि** — नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी का स्नेह मिलेगा।

**मिथुन** — व्यवसाय के क्षेत्र में आपको लाभ प्राप्त होने की संभावना बनी हुई है। वहीं, अगर नौकरी और व्यापार के मामले में कुछ समस्याओं का सामना कर रहे थे तो अब आपको उनका समाधान मिल सकता है।

**कर्क** — सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**सिंह** — भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराशा करेगी। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कन्या** — कन्या : मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

**तुला** — किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति आलस्य न करें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**धनु** — योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कार्य में समय ब्यर्थ जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तीव्र होगा।

**मकर** — मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्यों में न गंवाए। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूरे करें।

**मीन** — पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्यों से परिजनों के दिल में जगह बनाये विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति से प्रसन्न रहेंगे।




*सूरत: चरखे पर सूत कातते गुजरात विद्यापीठ के विद्यार्थी व अध्यापक।*

# केले की फसल में चना का बीमा कराकर किया लाखों का फर्जीवाड़ा

### कृषि विभाग एवं बीमा कंपनी के एजेंट की भूमिका संदिग्ध

### मामला विकासखण्ड छुरिया के ग्राम पंचायत आमगांव का




छुरिया (दावा)। विकासखण्ड छुरिया में रबी फसल चना में बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग द्वारा केले की फसल में चना फसल का बीमा कराकर लाखों रूपये का फर्जीवाड़ा किया गया है। इस फर्जीवाड़े को लेकर बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में बीमा कंपनी के एजेण्ट की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। मामले का खुलासा होते देख अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगांव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत चना फसल के फर्जीवाड़े की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन भी किया है।

उल्लेखनीय है कि छुरिया विकासखण्ड में कृषि विभाग के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2024-25 में ढाई हजार हेक्टेयर मे किसानों ने फसल बीमा कराया था। जिसका दावा भुगतान बीमा कंपनी ने लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपये किसानों के खाते में हस्तांतरित कर दिया है। जिसमें विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमगांव में लगभग 170 एकड़ में केले एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल होने के बावजूद भी बीमा कंपनी द्वारा बिना जांच पड़ताल के फसल बीमा कराकर लाखों रूपये का फर्जी तरीके से दावा भुगतान किया गया है। इस फर्जी भुगतान में बीमा कंपनी के एजेण्ट एवं कृषि विभाग की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस जमीन पर बीमा कंपनी ने चना बीमा कराया गया था। उन खसरों में बारह महीने केला एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल लगा रहता है। ऐसे में केले की फसल में चना का बीमा दर्शाकर लाखों रूपये का फर्जीवाड़ा किये जाने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने अनुविभागीय कृषि अधिकारी से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए इस फर्जीवाड़े को लेकर जांच टीम का गठन किया गया है। इस मामले की सूक्ष्म जांच की जांच की जाए तो फसल बीमा योजनांतर्गत भ्रष्टाचार के कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# नगर दशहरा उत्सव समिति संगीत नगरी खैरागढ़ के तत्वावधान में होगा भव्य दशहरा उत्सव

### रास गरबा से शुरुआत और रावण दहन से समापन

### रास गरबा का रंग जमेगा, राजा फतेह सिंह खेल मैदान में

### 24, 25 और 26 सितंबर को रास गरबा का भव्य आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संगीत नगरी खैरागढ़ इस बार भक्ति और संस्कृति के रंग में डूबने जा रही है। नगर में होने वाला नगर दशहरा उत्सव 2025 का आगाज बुधवार 24 सितंबर से तीन दिवसीय रास गरबा के साथ शुरू होगा और नगर में भव्य दशहरा शोभा यात्रा के साथ गुरुवार 2 अक्टूबर को विशालकाय रावण दहन के बाद इसका समापन होगा। नगर पालिका दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर व सभापति-पार्षदों की अगुवाई में तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समिति द्वारा सोमवार 22 सितंबर को बांके बिहारी मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी राजा फतेह सिंह खेल मैदान में रास गरबा का भव्य आयोजन होगा। बुधवार 24 से शुक्रवार 26 सितंबर तक चलने वाले इस गरबा महोत्सव में प्राथमिक से लेकर महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तक सभी वर्गों के गरबा प्रेमी शामिल होंगे। तीन दिन तक शहर की फिज़ा गरबे की ताल पर थिरकती नजर आएगी। गरबा समापन के बाद रविवार 28 सितंबर को राजा फतेह सिंह खेल मैदान में सांस्कृतिक लोकमंच लोकरंग अर्जुंदा वाले की रंगारंग प्रस्तुति होगी। दीपक चंद्राकर कृत इस कार्यक्रम में लोककला की झलक देखने हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचेंगे। पूरी रात चलने वाले इस आयोजन में संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम होगा। दशहरा उत्सव का समापन गुरुवार 2 अक्टूबर को ईतवारी बाजार स्थित रावण भाठा मैदान में विशाल रावण दहन के साथ होगा। बांके बिहारी मंदिर परिसर से दुर्गा प्रतिमा की पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में राऊत नाच, पंथी दल, धुमाल, रथ पर सवार राम-लक्ष्मण, नगर पालिका के जनप्रतिनिधि, समिति सदस्य और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होंगे।

## पहला कॉलम...

### शहर में ध्वनि प्रदुषण करने वाले बुलेट चालक के विरूद्ध कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर में ध्वनि प्रदुषण करने वाले बुलेट चालक के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। आरोपी अपने दोपहिया बुलेट वाहन में सैंलेंसर मोडिफाईड कर ध्वनी प्रदुषण फैला रहे थे। पुलिस द्वारा मोटर सायकल को माडिफाईड कर ध्वनी प्रदुषण फैलाने वालो के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम से दिशा-निर्देश पर दिनांक 17.09.2025 को रात्रि में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शांह द्वारा डोगरगढ मे अपनी पुलिस टीम को वाहनों के चेकिंग करने हेतु एमसीपी ड्यूटी लगाई गई थी कि एमसीपी ड्यूटी के दौरान एक बुलेट वाहन क्रमांक- सीजी 07 ए जेड 9022 के सोमनाथ मंडावी पिता रघुवीर सिंह मंडावी उम्र 25 साल निवासी राजकट्टा जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा अपने बुलेट वाहन का सैलेंसर मोडिफाईट कराकर रात्रि में शहर में ध्वनि प्रदुषण फैला रहा था जिसे पकड़कर मोटर यान अधिनियम की धारा-182-क(4) के तहत कार्यवाही कर अनावेदक चालक से 5000 रू. समन शुल्क लिया गया।

### भोलापुर साहू समिति के नए अध्यक्ष बने कुमार साहू



छुरिया (दावा)। आज परिक्षेत्र साहू समिति भोलापुर का बैठक सम्पन्न हुआ। जहां भोलापुर परिक्षेत्र के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मंडल के समस्त ग्रामीण अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए। जहां अध्यक्ष पद हेतु कुमार साहू (पांडेटोला), उपाध्यक्ष तेजा लाल साहू (भोलापुर), श्रीमती रामकुमारी साहू (झालाटोला), संगठन सचिव जागृत दास साहू (भोलापुर), श्रीमती तेजबति साहू (बैरागीभेड़ी) को सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुना गया। इस बैठक में लगातार दो बार के परिक्षेत्र अध्यक्ष शिशुपाल साहू, संरक्षक हेतराम साहू, उमराव साहू, श्यामलाल साहू, मुनीम साहू, बनरझिया साहू, राजेन्द्र साहू, पलटन साहू, तोरण साहू, श्रीमती रामशिला साहू, पंचराम साहू, सीताराम साहू, भुखन साहू, श्रीमती माहेश्वरी साहू, शिवकुमार साहू, श्यामलाल साहू, ललित कुमार साहू, नरेंद्र साहू, हृदय राम साहू, रामलाल साहू सहित परिक्षेत्र के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

### चेंदरीबन नवागांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेंदरीबन नवागांव में एक विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह भोज स्वर्गीय मोहित कुमार देवांगन की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी जितन बाई देवांगन, बेटी पूर्णिमा देवांगन और दामाद अशोक कुमार देवांगन के परिवार द्वारा दिया गया। सरकार की महत्वाकांक्षी न्योता भोज योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में शाला के 204 बच्चों को खीर, पूरी और चना रोस्ट परोसा गया। पूर्णिमा देवांगन जो प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति की सदस्य भी हैं। जिसने इस पुनीत कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक कोमलचंद आर्य (माध्यमिक), चंद्रभूषण साहू (प्राथमिक), शिक्षक अश्वनी कुमार देवांगन, सन्नी कुमार देवांगन, बसंत कुमार साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य कुमार देवांगन, कविता ठाकुर, मोनिका ठाकुर, दीप्ति शेंडे और परिवार के सदस्य हेमलता देवांगन और राधिका देवांगन भी उपस्थित थे।

### कल जादूटोला में कैरियर गाइडेंस एवं सम्मान समारोह

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के ग्राम जादूटोला में आगामी 21 सितंबर रविवार को एक महत्वपूर्ण कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होने जा रहा है। यह समारोह जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की मुख्य अतिथि जिले की कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति होंगी। उनके अलावा इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजनों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजक संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन देना है। साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों के उपस्थित होने की संभावना है। यह कार्यक्रम क्षेत्र के युवाओं को प्रेरित करने और उन्हें सही दिशा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# पुलिस के संरक्षण में अवैध शराब का धंधा बे-लगाम

### धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अधर्म को बढ़ावा दे रहे हैं राजनेता व प्रशासनिक अधिकारी

### तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा धर्मनगरी को मद्यनिषेध क्षेत्र घोषित किया गया था




डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी मंदिर की पावन नगरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा धर्मनगरी को मद्यनिषेध क्षेत्र घोषित कर शराबबंदी लागू की गई थी, ताकि तीर्थ स्थल की मर्यादा बनी रहे। लेकिन नतीजा इसके ठीक उलट निकला। शहर में सरकारी शराब दुकानें तो बंद हो गईं, मगर अब गली-गली, चौक-चौराहों और ढाबों-होटलों में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है।

कई होटल और ढाबे तो केवल इसी धंधे के लिए खोले गए हैं, जहां कभी चूल्हा तक नहीं जला। आरोप है कि पुलिस-प्रशासन की साठगांठ और राजनेताओं को दिए जाने वाले मोटे कमीशन के चलते यह गोरखधंधा वर्षों से बेरोकटोक चल रहा है। सरकार किसी की भी हो ठेकेदार वहीं रहते हैं। राजनीतिक स्तर पर भी यह मुद्दा महज स्टंटबाजी बनकर रह गया है। कांग्रेस सरकार के दौर में भाजपा ने आंदोलन किया, अब भाजपा सरकार में कांग्रेस सड़कों पर उतर रही है। लेकिन जनता को राहत नहीं मिल पा रही है और अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही है।

### महिलाओं का सड़क पर निकलना मुश्किल हो रहा है

डोंगरगढ़ निवासी निर्मला बाई कहती हैं– मां बम्लेश्वरी की नगरी में हर गली-मोहल्ले में शराब बिक रही है। युवक बिगड़ रहे हैं, महिलाओं को सड़क पर निकलना मुश्किल हो रहा है। तीर्थ नगरी में पूर्ण शराबबंदी सख्ती से लागू होनी चाहिए।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार योजना की सफलता के मार्ग में बाधा, शराब का अवैध व्यवसाय - विधायक श्रीमती बघेल

वहीं डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता बघेल ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रारंभ की गई 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार योजना' चलाने वाली सरकार को पहले यह देखना चाहिए कि महिलाएं वास्तव में सुरक्षित हैं या नहीं। हर गली में अवैध शराब बिक रही है, नशे की लत बच्चों तक में फैल रही है। घरों का माहौल बिगड़ रहा है। जब 768 शासकीय शराब दुकानें पहले से खोली जा चुकी हैं तो फिर छोटे-छोटे अवैध ठेके क्यों फल-फूल रहे हैं, इसका सीधा मतलब है कि शराब कोचियों को पुलिस संरक्षण दिया जा रहा है और वसूली हो रही है। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अवैध शराब की समस्या अब सामाजिक संकट का रूप ले चुकी है। सवाल यही है कि क्या सरकार और पुलिस इस धंधे पर सख्ती से लगाम लगाएंगे या यह मुद्दा सिर्फ सत्ता बदलने पर राजनीतिक हथियार बनकर रह जाएगा।

# कृषि संकाय के 6 छात्रों का उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय में चयन



छात्र मेघराज चंद्रवंशी, मानसी डडसेना, योगेश्वरी रावटे, चंदन साहू, अजय साहू, प्रियंका सिंहा का चयन

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के कृषि संकाय के 6 छात्रों का उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय में चयन हुआ है। इन्होंने प्री एग्रीकल्चर टेस्ट एग्जाम पास किया है। मेघराज चंद्रवंशी, मानसी डडसेना, योगेश्वरी रावटे, चंदन साहू, अजय साहू, प्रियंका सिन्हा की।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद कृषि प्रमुख प्रदीप सिन्हा और वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुलिस द्वारा शराब कोचियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी



लगातार कार्रवाई के बावजूद अवैध शराब का कारोबार दिनों दिन फलफूल रहा है

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस द्वारा शराब कोचीयाओं के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है, फिर भी अवैध शराब का कारोबार दिनों दिन फल फूल रहा है। शहर के होटल व ढाबों में खुलेआम शराब बिक रही है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 17 पौवा शराब एव मो.सा. जप्त कर कब्जा किया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, अवैध शराब बिक्री/तस्करी, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दिनांक 18.09.2025 को मुखबीर सूचना मिला कि बधियाटोला ग्राम रांका में अनोवदक दीपक सेन पिता हरिराम सेन उम्र 24 साल निवासी बंगाली पारा डोंगरगढ़ के द्वारा बिना नंबर प्लेट काई कालर का स्कूटी के डिक्की में शराब भरकर डोंगरगढ़ की ओर जा रहा था, जिसे मौके पर रेड कार्यवाही घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे आरोपी के कब्जे से ज्युपिटर स्कूटी के डिक्की मे प्लास्टिक बोरी के थैला में 11 पौवा शोले देशी प्लेन शराब जिसमें 1.980 बल्क लिटर कीमती 880 रू एवं 06 पौवा शोले देशी मसाला भरा हुआ मात्रा 1.080 बल्क लिटर कीमती 600 रू एक काई कलर का ज्युपिटर स्कूटी सीजी 08 एएल 2306 कीमती 10000 रू. कुल कीमती 14480 रू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# आज बेलगांव, मुसरा समिति में व ढारा, अछोली सोसायटी में 23 को आमसभा

## वित्तीय मद पारित करने सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा




डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कृषि शाखा डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी बेलगांव व मुसरा में आज वार्षिक आमसभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें समिति क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामों के अंशधारी किसान आमसभा में भाग लेंगे। बेलगांव में आयोजित आमसभा दोपहर 2 बजे एवं सहकारी समिति मर्या. मुसराकला में सुबह 10.30 बजे से आम सभा आयोजित की जायेगी।

सेवा सहकारी समिति ढारा एवं अछोली में 23 सितंबर को समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित की गई है। ढारा में सुबह 10.30 बजे तो अछोली में दोपहर दो बजे से आम सभा होगी। सहकारी समितियों के द्वारा इसकी सूचना सहकारी संस्थायें राजनांदगांव एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के साथ-साथ शाखा प्रबंधक एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी को दे दी गई है। बताया गया कि अंशधारी सदस्यों को सूचना ग्राम के कोटवार के माध्यम से मुनादी कर किसानों को आम सभा में आमंत्रित किया गया है।

### वित्तीय मद पारित करने सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

आम सभा में वर्ष 2024-25 के वित्तीय मद पारित करने के साथ ही वर्ष में ऋण व्यवसाय की समीक्षा कर आने वाले वर्ष के लिए अनुमानित बजट, अंकेक्षण नियुक्ति सहित अन्य विषय पर अध्यक्ष की अनुमति पर चर्चा होगी। सहकारी समितियों द्वारा इस वर्ष होने जा रही वार्षिक आमसभा की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। आम सभा में सहकारिता विभाग राजनांदगांव एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के उच्चाधिकारियों के अतिरिक्त शाखा स्तर के भी अधिकारियों के आने की संभावना जताई जा रही है। 20 एवं 23 सितंबर को होने वाली आमसभा में बड़ी संख्या में सभी समितियों में किसानों के आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सेवा परववाड़ा के तहत ग्राम पंचायत कलकसा में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया

### आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक योजनाएं संचालित - सचिव केदान सिन्हा




डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत ग्राम पंचायत कलकसा में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति किरण साहू, पूर्व सरपंच अशोक दास साहू, सरपंच श्रीमती उमा धुर्वे, दयाराम मंडावी, उपस्थित रहे। शिविर में सेवा ही स्वच्छता है पर शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम को अशोक दास साहू, सरपंच श्रीमती उमा धुर्वे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति किरण साहू ने संबोधित किया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार रजत जयंती पर्व मना रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर जनजाति समाज के उत्थान के लिए प्रत्येक जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायत क्षेत्र में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ हो रहा है। जिससे यहां के आदिवासी समाज के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस शिविर के माध्यम से आप लोग अपने वन अधिकार पट्टा, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन एवं जितने भी हमारे सरकार की योजना संचालित है। वे पूरा मिलेगा यही हमारी सरकार की मंशा है।

### आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक योजनाएं संचालित- सचिव केदान सिन्हा

ग्राम पंचायत के सचिव केदान सिन्हा (आदि कर्मयोगी) ने उपस्थित जन समुदाय को जानकारी देते हुए बताया कि जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा जारी ग्राम कार्य पुस्तिका के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिसमें जनजाति गांव में विजन निर्माण में एक परिवर्तनकारी प्रक्रिया है। जो जनजातीय समुदायों को अपनी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने अपनी संस्कृति विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थाई मार्ग निर्धारित करने में सक्षम बनाती है। इसमें सामूहिक लक्ष्यों की पहचान करने स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने और प्रगति के लिए पारंपरिक ज्ञान का लाभ उठाने हेतु सहभागी संवाद बढ़ावा देना शामिल है। साथ ही ग्राम में गठित आदि कर्मयोगी वालिंटियर के साथ मिलकर गांव की सामुदायिक भागीदार के माध्यम से जनजाति गांव में विजन का निर्माण किया जाना है।

जिसमें आप सभी का भागीदारी आवश्यक है। साथ ही समाज प्रमुख नरोत्तम सिंह कुंजाम ने आभार व्यक्त करते हुए अपनी व्यक्तव्य में बताया कि जनजाति समाज में भगवान बिरसा मुंडा जो समाज हित के साथ-साथ शौर्य पराक्रमी भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे, जो अंग्रेजी हुकूमत को छक्के छुड़ा दिए थे। ऐसे वीर आदिवासी समाज केलिए गौरव की बात है। जिनके नाम से आज देश भर आदि सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

यही नहीं आदि सेवा कर्मयोगी का नाम से पूरा भारत में एक अनूठा विकास की धाराएं चल रही हैं। जो सरकार की कल्पनाएं भी साकार हो रही हैं। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती उमा धुर्वे, उपसरपंच राज घृतलहरे, नोडल अधिकारी देवानंद मेश्राम, सचिव केदान सिन्हा, नरोत्तम सिंह कुंजाम, उद्यानिकी विभाग से श्रीमती स्वेता सिंह ठाकुर, राजस्व विभाग से पटवारी दीपमाला गणवीर, कृषि विभाग से एच के चंद्रेश्वर, श्रीमती सुरजा नेताम, थनवरीन मंडावी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित विनोद कुमार, सुखचरण साहू, रेवाराम, सुकाल कुंजाम, पंचम नेताम, राधे कुंजाम, बरमा मंडावी, सालिक, तीजू गोंड, विजय कोटवार, मितानिन कौशल्या साहू, हेमा कामडे, झरियारीन बाई, संगीता, फूलबाई ओटी, धनसुइया बाई, कुमारी बाई, ढेला बाई, सरिता सहारे सहित आदि कर्मयोगीगण उपस्थित रहे।

# कल सुंदरा के कबीर कुटी आश्रम में विशाल रक्तदान शिविर

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत, भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल द्वारा ग्राम सुंदरा स्थित कबीर कुटी आश्रम में 21 सितंबर को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत सुंदरा के सरपंच हिपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि रक्तदान करने वाले हर व्यक्ति को सम्मान स्वरूप हेलमेट, एक पेन और मां के नाम का एक पौधा दिया जाएगा। शिविर का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। रक्तदान के लिए पंजीकरण का काम हिपेंद्र साहू और जितेंद्र साहू देख रहे हैं। भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल के अध्यक्ष मनोज साहू, महामंत्री बलराम निर्मलकर, सेवा पखवाड़ा प्रभारी मोती देवांगन, हेमदीप साहू, हेमलाल साहू और कोमल टंडन इस कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं।

## पुष्य नक्षत्र पर शा. आयुष पॉलीक्लिनिक में बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया



**शिविर में 121 बच्चे नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार से हुए लाभान्वित**

राजनांदगांव (दावा)। जिला आयुष विभाग द्वारा एवं छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी के सहयोग से पुष्य नक्षत्र पर शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में एक वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने कहा कि स्वर्ण प्राशन कराने से बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में सुधार होता है। स्वर्ण प्राशन में बुद्धिवर्धक औषधियों जैसे ब्राह्मी, वचा और शंखपुष्पी का समावेश होता है, जो बच्चों की बुद्धि और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है। स्वर्णप्राशन से बच्चों की पाचन शक्ति बढ़ती है और बच्चे आसानी से भोजन पचा पाते हैं। स्वर्णप्राशन से बच्चों का शारीरिक विकास तेजी से होता है और उनकी धातु निर्माण भी उत्कृष्ट प्रकृति की होती है।

आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने बताया कि बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए आयुर्वेद में वर्णित स्वर्ण प्राशन एक महत्वपूर्ण उपाय है। यह आयुर्वेदिक उपचार बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाव में मदद करता है और उनकी शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है। स्वर्णप्राशन से बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे बच्चों को बीमारियों से बचाव में मदद मिलती हैं। शिविर में 121 बच्चों को नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का लाभ मिला। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. मिसरगा सहित आंगनबाड़ी सुपरवाईजन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बच्चे एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## विश्व ड्राइवर दिवस पर थाना बोरतालाव में दिया मार्गदर्शन



डोंगरगढ़(दावा)। विश्व ड्राइवर दिवस पर थाना बोरतालाव थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास का सानिध्य पाने पहुंचे संघर्ष वाहन चालक संगठन के अध्यक्ष विजय कुमार साहू, राजू पगरवार (सचिव) के मार्गदर्शन में पीताम्बर प्रसाद पैकरा (प्रधान आरक्षक हेड मुहर्रिर), वेदप्रकाश रत्नाकर (आरक्षक), गौतम सिंह ठाकुर (आरक्षक) जलेश्वर मंडावी (आरक्षक) को श्रीफल गमछा मोमेंटो देकर आज उनका सानिध्य और मार्गदर्शन और सड़क नियमों की जानकारी प्राप्त किए।

इस अवसर पर निखिल वर्मा, गोविंद कनेशर, डीकेंद्र बाघमारे, निलेश मोहले, लक्ष्मीकांत सहारे, तोरण साहू सहित संघर्ष वाहन चालक संगठन के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग ने सोमवार, 15 सितंबर, को हिन्दी दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने की।

### हिन्दी हमारी संस्कृति और अस्मिता की पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने हिन्दी को एक सरल और सुबोध भाषा बताया। उन्होंने छात्राओं से संवाद के लिए हिन्दी का उपयोग करने की अपील की। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिन्दी प्राध्यापक डॉ. शंकरमुनि राय ने कहा कि हिन्दी सिफ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान है। उन्होंने रोजमर्रा की बोलचाल में शुद्ध हिन्दी का प्रयोग करने पर जोर दिया और कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए।

### वैश्विक मंच पर हिन्दी की बढ़ती उपयोगिता

अंग्रेजी प्राध्यापक डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने हिन्दी की वैश्विक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अन्य भाषाओं के साथ-साथ हिन्दी पर भी समान ध्यान देने की प्रेरणा दी। प्राध्यापक सुश्री आबेदा बेगम ने बताया कि आज हिन्दी विश्व के 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही है, जो इसकी समृद्धता को दर्शाता है। संगोष्ठी में श्रेया देवांगन, चांदनी साहू, खुशबू रंगारी, प्रज्ञा बाम्बेश्वर और शोभा ने अपनी रचनाएं और भाषण प्रस्तुत किए। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. बृजबाला उइके ने बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था, इसीलिए हर साल इस दिन को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में प्राध्यापक और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। जिन्होंने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर हिन्दी के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया।

## गंडई में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



गंडई-पंडरिया (दावा)। बुधवार को गंडई में भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के दुर्ग रोड पर स्थित देवांगन ऑटो पार्ट्स की दुकान में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा की तैयारियां शुरू कर दी थी। मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन किया गया।

जिसमें श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में सुख-समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। पूजा के बाद भक्ति गीत और कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही।

### श्रद्धा और परंपरा का संगम

नगर के औद्योगिक प्रतिष्ठानों में भी विशेष पूजा-अर्चना के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें स्थानीय कारीगरों, व्यापारियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दुर्ग रोड को रंग-बिरंगी झालरों, गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था। जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर परमेश्वर देवांगन ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा की परंपरा सदियों पुरानी है।

उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का शिल्पकार और वास्तुकला का जनक माना जाता है, जिनकी कृपा से उद्योग और व्यापार में प्रगति होती है। उन्होंने इसे श्रम और सृजनशीलता के सम्मान का प्रतीक बताया। पूरे दिन जय विश्वकर्मा के जयकारों और भक्ति गीतों की गूंज सुनाई देती रही। यह पर्व लोगों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली का संदेश लेकर आया।

## डोंगरगढ़ विकासखंड के 6 ग्रामों के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के 6 ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 8 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम रूवातला में वार्ड क्रमांक 1 में चबूतरा सह स्टील रैलिंग निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम मुसराखुर्द में प्राथमिक शाला भवन छत मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम कलकसा में प्राथमिक शाला स्कूल में शेड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम चौथना में मुक्तिधाम से शीतला चौक तक पौधरोपण एवं तार फेसिंग कार्य के लिए 1 लाख 50 लाख रूपए, ग्राम छीपा में प्राथमिक शाला किचन के पास शेड निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम बछेराभाठा में स्कूल के पास टीन शेड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## जिले में स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव अभियान का शुभारंभ



**कलेक्टर ने जिलेवासियों से स्वच्छता को अपने जीवन शैली में अपनाने का किया आह्वान**

**जिले के सभी विकासखण्डों एवं ग्राम पंचायतों में ली स्वच्छता शपथ**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले में स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक विविध कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

कलेक्टर ने जिलेवासियों से आह्वान किया है कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ और समृद्ध समाज की आधारशिला है, जिसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। स्वच्छता को जनमानस की आदत बनाने के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। स्वच्छता हर नागरिक का दायित्व है। जनसहभागिता से ही इसका स्थायी प्रभाव दिखाई देगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सुरूचि सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक ग्रामों में सतत स्वच्छता गतिविधियां संचालित होगी और अधिक से अधिक ग्रामीणों को जोड़ा जाएगा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के नेतृत्व में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव अभियान की शुरूआत जिले के सभी विकासखण्डों एवं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के साथ हुई। ग्राम पंचायत आरी में जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु ने शपथ दिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं ग्राम पंचायत बोदेला में जनपद पंचायत डोंगरगांव की सभापति श्रीमती जाया तिमेश साहू ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। जिला समन्वयक डॉ. छोटे लाल साहू ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक जिले में स्वच्छता रैली एवं श्रमदान, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियां, नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीवार लेखन एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

जिलेभर में आयोजित स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छोत्सव अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम से स्वच्छता का संदेश व्यापक रूप से फैला और ग्रामीणों ने अपने घर, गली, मोहल्ले गांव को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

## इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के प्रो. राजन यादव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में बने मुख्य अतिथि




खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजन यादव सोमवार 15 सितंबर को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा हिन्दी और भाषायी समन्वय विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेयी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में देश के प्रतिष्ठित गीतकार एवं नवगीतकार डॉ. अजय पाठक आमंत्रित थे। आरंभ में स्वागत भाषण डॉ. एच.एस. होता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. अतुल दुबे विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. राजन यादव ने कहा कि भाषा की सबसे बड़ी योग्यता और उपयोगिता उसके शब्द भंडार की प्रचुरता और भाव व्यंजन वाली शक्ति पर आश्रित होती है। हमारी हिन्दी इन गुणों से परिपूर्ण है। राष्ट्रीय एकता और संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी की अनिवार्यता महसूस करने वालों में अहिन्दी भाषियों की संख्या अधिक है। सन 1920 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में आजादी के आंदोलन की भाषा हिन्दी को स्वीकार किया। कुलपति द्वारा प्रो. राजन यादव को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। आभार व्यक्त कुलसचिव डॉ. तारणीश गौतम ने किया।

## सेवा पखवाड़ा : 105 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र का हुआ शुभारंभ




राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस आदि सेवा पर्व अंतर्गत राजनांदगांव जिले के 105 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत छुरिया विकासखंड के 67 गांव, डोंगरगढ़ विकासखंड के 28 गांव, डोंगरगांव विकासखंड के 8 गांव तथा राजनांदगांव विकासखंड के 2 गांव में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है।

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराना है। आदि सेवा केन्द्र सिंगल विंडो समाधान केन्द्र के रूप में कार्य करेगी। जिससे ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड एवं जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। सेवा केन्द्रों के माध्यम से जनजातीय वर्ग को शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आवासीय पट्टा तथा वन अधिकार पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल है।

## स्व. देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय में छग रजत जयंती महोत्सव का आयोजन



गंडई-पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर स्वर्गीय देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में एल्यूमिनी मीट 2025 का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के 25 साल के विकास और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना था।

### चर्चा के मुख्य बिंदु

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के निर्माण से लेकर अब तक की विकास यात्रा पर गहराई से बात की गई। भूतपूर्व छात्रों ने राज्य को और अधिक विकसित बनाने में अपनी भूमिका पर विचार-विमर्श किया।

उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, उद्योग, व्यवसाय और कृषि जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति पर भी चर्चा की। 2047 तक छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य भी इस दौरान निर्धारित किया गया।

### प्राचार्य और आयोजकों का संबोधन

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने कहा कि विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

कार्यक्रम का आयोजन भागवत राम वर्मा, असीत साहू और डॉ. युवराज टेंभरे ने किया। संचालन गावस्कर कौशिक ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. युवराज टेंभरे द्वारा दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**ललित मोदी का भाई मुश्किलों....**

की ओर से जारी बयान में कहा गया कि महिला ने 50 करोड़ रुपये की मांग की थी। समीर गुप्ता ने 8 और 13 अगस्त को विभिन्न पुलिस अधिकारियों के समक्ष इसके सबूत पेश करके शिकायत दर्ज कराई थी। समीर मोदी के वकीलों ने कहा कि पुलिस ने तथ्यों की जांच किए बिना ही उन्हें जल्दबाजी में अरेस्ट कर लिया है। यह कानूनों के प्रावधानों के दुरुपयोग का मामला है। उन्होंने कहा कि हमें न्यायपालिका और जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है कि इस पूरी साजिश का खुलासा हो जाएगा।

**ट्रंप और जिनपिंग की तीन...**

मुलाकात एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान हो सकती है, जो 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाला है. अमेरिका-चीन रिश्ते पिछले कुछ सालों से लगातार खटास से गुजर रहे हैं. व्यापार युद्ध, तकनीकी सुरक्षा, दक्षिण चीन सागर और ताइवान मुद्दे ने दोनों महाशक्तियों के बीच अविश्वास को गहरा किया है. ऐसे में, तीन महीने बाद हुई यह फोन कॉल संकेत देती है कि दोनों पक्ष कम से कम संवाद की राह को खुला रखना चाहते हैं. हालांकि यह देखना बाकी है कि टिकटॉक सौदे और व्यापार समझौते पर कोई ठोस प्रगति होती है या यह बातचीत सिर्फ कूटनीतिक औपचारिकता साबित होती है.

**'या अली' गाने के लिए मशहूर जुबीन.....**

अपने भाई के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सूटिया शहर जा रही थीं। तभी उनकी कार की ट्रक से टक्कर हो गई। जुबीन भी उसी कार में थे, लेकिन दुर्घटना के कुछ मिनट

## शेष प्रथम पेज का

पहले वे दूसरी कार में शिफ्ट हो गए थे। पीएम नरेंद्र मोदी, लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग के निधन से दुखी हूं। संगीत में उनका योगदान याद रहेगा। परिवार और प्रशंसकों को संवेदना। शांति। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जुबीन गर्ग का निधन बड़ी त्रासदी है। उनकी आवाज पीढ़ी की पहचान बनी। संघर्ष और साहस से असमिया संगीत को नया रूप दिया। वे हमेशा याद रहेंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, आज असम ने अपने एक लाड़ले बेटे को खो दिया। जुबीन असम के लिए क्या मायने रखते थे, यह बताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह बहुत जल्दी चले गए, यह जाने की उम्र नहीं थी।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, खेलो इंडिया गायक जुबीन गर्ग नहीं रहे। उनकी जादुई आवाज और बहुमुखी प्रतिभा हमेशा याद रहेगी। उनके गीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। स्कूबा डाइविंग पानी के अंदर होने वाला एक एडवेंचर स्पोर्ट्स है। इस दौरान स्कूबा ड्राइवर सांस लेने वाले उपकरणों को पहने पानी के अंदर उतरते हैं। आमतौर पर स्कूबा डाइविंग सेफ एडवेंचर स्पोर्ट्स माना जाता है। जिन लोगों को स्विमिंग नहीं आती है, वो भी प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर की मदद से स्कूबा डाइविंग एक्सपीरियंस कर सकते हैं। पानी में तल तक जाने के लिए ड्राइवर को स्नोर्कल मास्क और पंखों के साथ-साथ, पानी के नीचे की दुनिया में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों यानी सेल्फ-कंटेन्ड अंडरवाटर ब्रीदिंग अपरेटस की जरूरत होती है। इसमें एक स्कूबा गियर, एक रेगुलेटर, एक स्कूबा टैंक और एक बाउंसी कंट्रोल डिवाइस शामिल होता है, जिसकी मदद से गोताखोर पानी के भीतर सांस लेते हैं। जिस किसी को भी कार्डियक से जुड़ी प्रॉब्लम होती है, उनके लिए इसे सेफ नहीं माना जाता है।

**राहुल बोले- चुनाव का चौकीदार जागता रहा....**

बचा रहे हैं। राहुल ने कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट का उदाहरण देते हुए दावा किया कि वहां कांग्रेस समर्थकों के वोट योजनाबद्ध तरीके से हटाए गए। राहुल ने दावा किया कि आलंद में जिन वोटर्स के नाम डिलीट किए गए उनको हटाने के लिए दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया। राहुल ने प्रजेंटेशन में उनके नंबर भी बताए। गोदावाई के 12 पड़ोसी के नाम भी हैं, जिन्हें इन मोबाइल नंबर्स से डिलीट किया गया। उधर, चुनाव आयोग ने राहुल के आरोपों को गलत और निराधार बताया था। कहा था कि कोई भी आम नागरिक ऑनलाइन किसी का भी वोट डिलीट नहीं कर सकता। किसी का वोट डिलीट करने से पहले संबंधित व्यक्ति को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है।

**कल गुजरात में पीएम मोदी....**

बीच समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे।'' पीएम मोदी भावनगर में सुबह लगभग 10.30 बजे 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद, वह धोलेरा का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। दोपहर लगभग 1.30 बजे, वह एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे और लोथल स्थित राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का दौरा करेंगे।

## आबकारी एक्ट के तहत 5 आरोपियों को 1 वर्ष की सजा



**डोंगरगढ़(दावा)। आबकारी एक्ट धारा 34(2) के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 05 आरोपी को 01 वर्ष की सजा सुनाई गई। आरोपी राजेश तागडे, ईश्वर साहू, रौनक ताम्रकर, सोहेब मिर्जा, सोहेब मिर्जा को सजा मिली है।**

पुलिस आरोपीयों के कब्जे से मध्य प्रदेश राज्य निर्मित शराब कुल मात्रा 405.00 बल्क लिटर एवं किमती 236050 रू. एवं सीजी 08 एबी 4380 यौधा डीआई एवं विस्टा कार क्रं- सीजी 07 एम.बी. 2256 व 05 नग मोबाईल सहित कुल किमती 1462250 रू. को जप्त किया गया है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि, दिनांक 28.01.2025 को ग्राम कुम्हडाटोला जाने वाले मार्ग से मध्यप्रदेश राज्य से वाहन क्रमांक-सीजी 08 बीए 4380 यौधा डीआई एवं विसटा कार क्रमांक-सीजी 07 एमबी 2256 से भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन करते आ रहा है कि मुखबीर सूचना पर विधिवत कार्यवाही करते हुये ग्राम कुम्हड़ाटोला जाने वाले मार्ग गोविन्द्र वर्मा बोर प्लांट के पास आरोपी राजेश तागडे पिता चिंतामन तागड़े उम्र 25 साल निवासी शारदा पारा तालाब पावर हाउस भिलाई जिला दुर्ग छ.ग., ईश्वर साहू पिता हरकदास साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम अछोली थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ.ग., रौवन ताम्रकर पिता प्रमोद कुमार ताम्रकर उम्र 37 साल निवासी ग्राम शिवपारा वार्ड नं. 33 दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग., सोहेल मिन्नी पिता जलाउद्दीन सिद्दकी उम्र 23 साल निवासी ग्राम ठेलाबाड़ी वार्ड नं. 40 जिला दुर्ग छ.ग., ऋषिकेश पिता प्रकाश हटिले उम्र 24 साल निवासी ग्राम उरला जिला दुर्ग छ.ग. को डीआई वाहन में 35 पेटी गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब एवं विस्टा कार में 10 पेटी देशी मदिरा शराब मिला कुल 45 पेटी गोवा/अंग्रेजी शराब परिवहन करते पकड़ा गया।

आरोपीगण द्वारा छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब का अवैध रूप से मध्यप्रदेश राज्य निर्मित शराब तस्करी करना पाये जाने से आरोपीगण से 35 पेटी गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब म.प्र. राज्य निर्मित एवं 10 पेटी देशी प्लेन मदिरा शराब म.प्र. राज्य निर्मित कुल 45 पेटी कुल मात्रा 405.00 बल्क लीटर किमती 236250 रू. एवं वाहन क्रं. सीजी 08 एबी 4380 यौधा डीआई एवं विस्टा कार क्रं. सीजी 07 एम.बी. 2256 व 05 नग मोबाईल सहित कुल किमती 1462250 रू. को जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध अपराध क्रंमाक 46/2025 धारा-34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया था। न्यायालय में धारा-335 बीएनएसएस के तहत फरारी में दिनांक-27.03.2025 को पेश किया गया था। दिनांक-12.09.2025 को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी डोंगरगढ जिला राजनांदगांव के द्वारा आरोपीयों को छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम 2015 की धारा-34(2) आबकारी एक्ट के अर्तगत दोषी पाये जाने पर 01 वर्ष का कठोर कारावास एव अर्थदण्ड 25000 रू का एवं 30 दिन का व्यतिक्रम कारावासीय दण्ड सुनाया गया है। प्रकारण में विवेचना कार्यवाही सउनि तुलाराम बांक द्वारा की गई।

# शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से जनमानस को लाभ दिलाने के लिए सक्रियतापूर्वक कार्य करने की जरूरत - कलेक्टर




- 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा
- नवरात्रि, सेवा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग की ड्यूटी लगाने के दिए निर्देश
- पदयात्रियों की सुविधा के लिए प्रकाश की व्यवस्था करने कहा
- किसानों को उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- सेवा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ की ड्यूटी लगाने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजातीय समुदाय के विकास के लिए शासन की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए तथा सेवा पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिले के 105 ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है। उन्होंने जमीनी स्तर पर शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से जनमानस को लाभ दिलाने के लिए सक्रियतापूर्वक कार्य करने कहा।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने 17 सितम्बर को शासकीय मेडिकल कालेज राजनांदगांव में आयोजित गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के साथ ही स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी डॉक्टर, नर्स एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एग्री स्टेक पोर्टल अंतर्गत ऐसे किसान जिनका पंजीयन नहीं हो सका है, उनका प्राथमिकता से पंजीयन कराने कहा। उन्होंने क्वांर नवरात्रि के संबंध में सभी सेवा पंडालों में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री मार्ग में पदयात्रियों की सुविधा के लिए प्रकाश की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने मेला स्थल में साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने खाद के भंडारण एवं वितरण के संबंध में जानकारी ली। जिले में वर्तमान में भंडारण 68609.71 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण है। उन्होंने किसानों को उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसान क्रेडिट योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने की जरूरत है। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जनसामान्य को जागरूक करने तथा बिजली के बिल में कमी लाने के लिए इस योजना को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने से बिजली के बिल में कमी आएंगी। कलेक्टर ने जिले में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत अभिलेख वितरण की स्थिति अटल मानिटरिंग पोर्टल, आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मत, भू-बंटन प्रकरणों की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, कौशल विकास, ई-फाईल सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने आदि कर्मयोगी एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित करने कहा। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा, अटल मानिटरिंग पोर्टल, पालक चौपाल के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छुईखदान में कल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन





## पुस्तक 'महंत बने महाराजा' का विमोचन और नौ रत्नों का सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 21 सितंबर को शाम 7 बजे से मंगल भवन बाजार लाइन छुईखदान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पुस्तक 'महंत बने महाराजा' (लेखक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क) का विमोचन किया जाएगा और नौ रत्नों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत छुईखदान की अध्यक्ष रानी नम्रता देवी होंगी। अध्यक्षता छुईखदान रियासत के राजा और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर वैष्णव करेंगे। विशिष्ट अतिथि बैरागी समाज छुईखदान के अध्यक्ष राजकुमार देवराज किशोर वैष्णव होंगे। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी लखन लाल वैष्णव (रायपुर), समाजसेवी मधु किशोरी वैष्णव (पंडरिया) और अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव (छुईखदान) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन के पूर्व नरेश कुमार स्वामी निंबार्क द्वारा लिखित पुस्तक 'महंत बने महाराजा' का विमोचन किया जाएगा।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि प्रमोद रामावत 'प्रमोद' (नीमच), छत्तीसगढ़ के प्रख्यात सलकार विजय कुमार राठौर (जांजगीर चांपा), राज्य पुरस्कार से अलंकृत लोकप्रिय शायर अब्दुस्सलाम कौसर (राजनांदगांव), राष्ट्रीय कवि संगम से जुड़े से पंडित महेश शर्मा (रायपुर), सुपरिचित गीतकार अनुराग किशोर सक्सेना (राजनांदगांव), नई कविता के सशक्त हस्ताक्षर मुन्ना बाबू (राजनांदगांव) और वरिष्ठ पत्रकार और लेखक वीरेन्द्र बहादुर सिंह (छुईखदान) काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक नरेश कुमार स्वामी निंबार्क (हरियाणा) और सह संयोजक जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान ने इस कार्यक्रम में काव्य प्रेमियों से शामिल होने की अपील की है।

# शा. कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में पूर्व छात्राओं का आत्मीय मिलन



## छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतर्गत एल्युमिनी मीट का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती समारोह की श्रृंखला में शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एल्युमिनी मीट (पूर्व छात्र मिलन) का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 60 पूर्व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एल्युमिनी एसोसिएशन की प्रभारी प्राध्यापक डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने बताया कि इस अवसर पर एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या देशपांडे, कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा अग्रवाल तथा संयुक्त सचिव डॉ. सोनल मिश्रा ने संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने पर जोर दिया और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए अपने छात्र जीवन की सुनहरी यादें साझा कीं और उस दौर के प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया। डोंगरगढ़ की वर्तमान विधायक व महाविद्यालय की पूर्व छात्रा श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने भी एल्युमिनी मीट में विशेष रूप से भाग लिया। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2010 में इस महाविद्यालय से स्नातक हुई थी और आज जो कुछ भी हैं। उसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला लोक अदालत, राजनांदगांव की जज सुश्री नेहा गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में युवाओं को संबंधों को लेकर सतर्क रहना चाहिए और किसी भी संकट की स्थिति में अपने माता-पिता की सलाह को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्रा एवं राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कु. छाया वर्मा को एल्युमिनी एसोसिएशन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य व एल्युमिनी एसोसिएशन के पदेन सचिव डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में संगठन के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने की बात कही। जिससे एसोसिएशन के कोष में वृद्धि हो सके और रचनात्मक कार्यों को मूर्त रूप दिया जा सके। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री मणिभास्कर गुप्ता ने सभी आमंत्रित पूर्व छात्राओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से संस्था और पूर्व छात्राओं के मध्य संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य शीतल पारख, सीमा डोल्हे, भारती गौते, रूचि जैन सहित कई आजीवन सदस्यगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सुश्री आबेदा बेगम, महेन्द्र मेश्राम, डॉ. बृजबाला उइके तथा डॉ. नीता एस. नायर की सराहनीय भूमिका रही।

# रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद का गठन



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एम ए हिन्दी साहित्य परिषद 2025-26 का गठन प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के निर्देशानुसार पूर्व छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

प्रो.यशपाल जंघेल एवं डॉ. उमेंद चन्देल ने प्रावीण्यता के आधार पर परिषद गठन किया। अध्यक्ष लीना वर्मा, उपाध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा, सचिव अनसुईया निषाद, सहसचिव रीतिका धुर्वे, सांस्कृतिक सचिव टिकेन्द्र वर्मा, साहित्यिक सचिव कल्पना वर्मा, सदस्य दुर्जन वर्मा, चंचल वर्मा, दिव्या धुर्वे, दुर्गा साहू, गौरीयदु, वंदना वर्मा, मोनिका देवांगन आदि है।

कार्यक्रम अध्यक्ष जे.के. वैष्णव सर ने हिन्दी परिषद गठन के उद्देश्य एवं महत्व को रेखांकित करते हुए बोलने एवं लिखने की क्षमता के साथ ही व्यक्तित्व विकास हेतु परिषद गठन को आवश्यक बताया। साथ ही मनोनीत छात्र छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षक होमन साहू, डॉ.मेधाविनी तुरे, डॉ. परमेश्वरी समाजशास्त्र, शिक्षिका अंजली सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विधायक यशोदा वर्मा ने अपने गृहग्राम देवारीभाठवासियों को भगवान जगन्नाथ स्वामी के दर्शन के लिए पुरी लेकर गई



खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने अपने निज ग्राम देवारीभाट के 65 प्लस ग्रामवासियों को जगन्नाथ पुरी भगवान जगन्नाथ के दर्शन कराने लेकर गई और भगवान जगन्नाथ स्वामी के दर्शन कराई। जिससे ग्रामीणों काफी उत्साहित नजर आया।

## दानवीर भामाशाह सम्मान 25 : कल आवेदन की अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। समाज कल्याण विभाग द्वारा दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति व संस्था से 21 सितंबर के पूर्व प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति व संस्था निर्धारित तिथि तक जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव में प्रविष्टि प्रस्तुत कर सकते है। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति व संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से अलंकृत किया जाता है। चयनित व्यक्ति व संस्था को सम्मान के रूप में 1 लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : पशु मेला, चिकित्सा शिविर और रैबीज दिवस पर निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर पशुधन विकास विभाग द्वारा 26 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक पशु मेला एवं पशु चिकित्सा शिविर तथा 27 एवं 28 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक विश्व रैबिज दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में किया गया है।

पशु मेला एवं पशु चिकित्सा शिविर में उन्नत नस्ल के बछड़ा-बछिया, गाय, बकरा-बकरी, मुर्गा-मुर्गी का पशु प्रदर्शनी किया जाएगा। साथ ही पशुओं का सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी, फीकल एवं यूरिन टेस्ट निश्शुल्क किया जाएगा। निःशुल्क मेगा कैम्प में पालतू श्वान में एंटी रेबीज का टीकाकरण निःशुल्क कृमिक नाशक दवा, डॉग एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम के तहत नसबंदी ऑपरेशन के साथ ही गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं के लिए भी शिविर में कृमिनाशक औषधि का वितरण होगा। मादा पशुओं में निःशुल्क गर्भ परीक्षण एवं कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किया जाएगा। पशु चिकित्सकों द्वारा मादा पशुओं मे बांझ निवारण हेतु निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु पालकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ ले सकते है। शिविर के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ. तरूण रामटेके के मोबाइल नंबर 8839367911 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मां दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

राजनांदगांव (दावा)। मां दंतेश्वरी मंदिर घुपसाल (कुमरदा) में पहाड़ी पर विराजमान अंचल की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि की तैयारी जोरों पर है यहां रंग रोगन एवं लिपाई पुताई का काम चल रहा है साथ ही लाइटिंग व पानी की व्यवस्था भी किया जा रहा है। उकताशय की जानकारी देते हुए ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि यहां दोनों नवरात्रि में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है इस हेतु समिति द्वारा माता के भक्त जनों से अपील की गई है कि मनोकामना तेल ज्योति हेतु 751 रुपए एवं घी ज्योति हेतु 1751 रुपए की राशि जमा करके अपना स्थान सुरक्षित करवा लें।



# नेहरू महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 13 सितम्बर को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही.रेवती के निर्देशन एवं हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताएं हुईं। हिंदी विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. नीता राजपूत, डॉ. येशुकृति हजारे एवं सुश्री नीलम सिन्हा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया की उषा किरण शाह (एरिया ऑफिसर) रहीं तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में भावना सिंह, कैरोलाइन देवी सिंह, लावण्या स्वामी, राणा मोना सिंह, सुधा श्रीवास्तव, नम्रता दम्माणी, लक्ष्मी देवांगन, मीनाक्षी हेमने, अनुका जंघेल, कीर्ति मिश्रा, भारती मिश्रा, हाशमी मैडम एवं तृप्ति राजाभोज उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद एम.ए. हिंदी की छात्रा विद्या साहू ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी अपनी भाषा है और यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हमें हिंदी के प्रचार-प्रसार और सम्मान को बढ़ाने में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम

निबंध प्रतियोगिता प्रथम विकास मेश्राम (एम.ए. हिंदी तृतीय सेम.), द्वितीय अरुण कुमार वर्मा, तृतीय करण मेश्राम, सांत्वना पुरस्कार निखिल (बी.एस.सी. अंतिम वर्ष) को प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मेघा एवं हेमा (बी.ए. प्रथम सेम.), द्वितीय निशा वर्मा एवं नीलम वर्मा (एम.ए. तृतीय सेम. हिंदी), तृतीय हिमेंद्र एवं टाकेश्वर (एम.ए. प्रथम सेम. हिंदी), सांत्वना तृप्ति साहू एवं काजल सिन्हा, नाटक (भाषा का महत्व) में धनिता यादव, काजल सिन्हा, सेवती कंवर एवं मोरध्वज को प्राप्त हुआ। समाचार वाचन में विकास मेश्राम एवं करण मेश्राम, काव्य वाचन में अरुण वर्मा, एकल नृत्य में वीणा नंदेश्वर (बी.ए. प्रथम सेम.), गीत विधा में विद्या साहू (एम.ए.) एवं भूमिका सेन (बी.ए. प्रथम सेम.), खेल-कूद में मुस्कान मेश्राम (बी.ए. अंतिम वर्ष) को स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को वी क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपूत ने हिंदी दिवस पर काव्य वाचन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि उषा किरण शाह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को सदैव लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

# कुमरदा स्कूल में विश्व ओजोन दिवस मनाया



डोंगरगाँव (दावा)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 16 सितम्बर मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने ओजोन परत की जानकारी साझा की, जिसमें भूगोल के व्याख्याता वीरेंद्र वैष्णव ने कहा ओजोन परत समताप मंडल के बाद पतली सी परत है जो पृथ्वी से 30 से 60 किलोमीटर वायुमंडल में पाई जाती है और यह पृथ्वी की सबसे महत्वपूर्ण परत है। ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित कर हम सब प्राणी जगत की रक्षा करती है। आईटी टीचर मनोज बंजारे ने कहा विगत वर्षों से तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण, वर्तमान में आधुनिक वायुयान उनसे निकलने वाले नाइट्रोजन ऑक्साइड गैस, घरेलू फ्रिज एवं एसी से निकलने वाली निकलने वाली सीएफसी अर्थात क्लोरोफ्लोरोकार्बन से ओजोन परत को काफी नुकसान पहुंचाता है। व्याख्याता मनोज शर्मा ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग से बचने के एकमात्र उपाय ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाना चाहिए। प्राचीन काल में हमारे ऋषि मुनि इस बात को जानते थे कि पेड़ पौधे में प्रदूषित वायु अवशोषित करने की अद्भुत क्षमता है, इसीलिए उन्होंने नीम, पीपल, बरगद, तुलसी, बेल, आम जैसे पेड़ों को देवतुल्य माना है, क्योंकि ऐसे पौधों में ऑक्सीजन देने तथा प्रदूषित कार्बनडाई ऑक्साइड अवशोषित करने की क्षमता ज्यादा होती है। प्रभारी प्राचार्य मिलापदास साहू ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से ओजोन परत का पतला होना मानव तथा प्राणी जगत के लिए खतरे की घंटी है। अधिक से अधिक वातावरण को शुद्ध रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाना चाहिए। हमारे घरों तथा फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ का उचित निपटारा करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बसंत यादव ने किया। इस अवसर पर ग्यारहवीं एवं बारहवीं के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजन सत्ता के लिए छटपटा रहे है -गिरवर साहू



डोंगरगढ़ (दावा)। जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ वाली प्रोपगेंडा पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया की वोट चोरी के जनक तो कांग्रेस है इसीलिए देश की जनता ने कांग्रेस को गद्दी से बेदखल कर दिया और देश की जनता ने विकास के नाम पर भाजपा को चुना। जनता ने कभी नही भुला है कि कांग्रेस पचास साल देश में शासन किया है। बूथ लूट कर या चाकू के नोक पर बूथ पर कब्जा करके चुनाव जीता है।

एक समय ऐसे भी देखने को मिला था जब राजनांदगांव विधानसभा मे लीलाराम भोजवानी चुनाव लड़े, जब गिनती हुआ तो भोजवानी जी जीत गए थे, फटाके भी फूटना चालू हो गया था, लेकिन कुछ मिनट बाद उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। ये होती है वोट चोरी लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की बागडोर सम्हाली तब से पूरी पारदर्शिता से चुनाव सम्पन्न हो रहा है और देश की जनता विकास के नाम पर मोदी को चुन रहे है। जिसे कांग्रेस पचा नही पा रही है। इसलिए पूरे देश मे आम लोगो को गुमराह करने में तुली हुई है। आज जनता पूरी तरह समझ चुकी है हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है। अब कांग्रेस का प्रोपेगेंडा जनता के सामने चलने वाली नही है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर गंडई बीजेपी मंडल ने आयोजित किए विविध कायक्रम

गंडई पंडरिया (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बीते बुधवार को गंडई बीजेपी मंडल के द्वारा विविध आयोजन किया गया। आयोजन में नगर के विश्राम गृह में विचार संगोष्ठी, सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, पीएमश्री टिकरीपारा स्कूल एवं वार्ड नंबर 10 में पौधरोपण किया गया। विचार संगोष्ठी में पीएम मोदी के जन्म दिवस का बधाई देते हुए उनके राजनीतिक जीवनी पर प्रकाश डाला गया।



आयोजन में जीवन दास रात्रे, खम्हन ताम्रकार एवं राकेश ठाकुर ने श्री मोदी के कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसके पश्चात नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया। इसी तरह वार्ड नंबर 11 में स्थित पीएमश्री प्राथमिक स्कूल टिकरीपारा में पौधरोपण किये। वहीं वार्ड 10 में स्थित आंगनबाड़ी में भी पौधरोपण किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी में बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत भी किये। इस समय गंडई मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, अनु.जाति जिला अध्यक्ष जीवन दास रात्रे, सांसद प्रतिनिधि राजेश ताम्रकार, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि भावनानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, संजय अग्रवाल, वरिष्ठ नेता टेकन देवांगन, नगर उपाध्यक्ष श्याम पाल ताम्रकार, धरमु पटेल, लीला साहू, संजय राजपूत, राकेश जायसवाल, दूजे राम वर्मा, विक्की अग्रवाल, टूम्मन साहू, रोशन ताम्रकार, उमा चौबे, आशा कुर्रे, अंजली देवांगन, तसील पटेल, जगेश्वर देवांगन, सोनिया दुबे, अशोक देवांगन, सुखराजी निर्मलकर, कमलेश जंघेल, बलराम साहू, देवांगन, लक्ष्मण धुर्वे, भुवन देवांगन, कार्तिक मरकाम, संजय यादव सहित अन्य बीजेपी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी वेबसाइट से हो रहा ई-चालान ठगी का खेल, क्लिक करते ही खाली हो सकता है खाता !




राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में आरटीओ ई-चालान से जुड़ी फर्जी वेबसाइट और मैसेज के जरिए ठगी का नया खेल शुरू हो गया है। साइबर ठग नकली चालान भेजकर लोगों से ओटीपी और बैंक डिटेल्स हासिल कर रहे हैं। परिवहन विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि कोई भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और हमेशा आधिकारिक वेबसाइट पर ही चालान की जांच करें। प्रदेश में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैन के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में फर्जी तरीके से नकली ई-चालान डराने वाले संदेश या मैसेज भेजकर या लिंक भेजकर आम लोगों को व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा रहे हैं।

### आरटीओ ने कहा सतर्क रहें

इस संबंध में परिवहन अधिकारी ने बताया कि आम लोगों को जागरूकता के लिए यह आग्रह करता है कि किसी ई-चालान के साथ कोई लिंक मिलता है तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी किसी अजनबी को ऑनलाइन पैसे का भुगतान न करें। और अपने खाते से किसी से भी लेन-देन में सावधानी बरतें। किसी भी धोखेबाज का कॉल व संदेश में पड़ोस के पुलिस थाने में मामले की शिकायत करें।

# पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने किया वार्षिक निरीक्षण, पुलिस जवानों को दिए आवश्यक निर्देश

राजनांदगांव (दवा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मंगलवार 19 सितंबर को रक्षित केंद्र राजनांदगांव में वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें सलामी दी गई और उन्होंने जनरल परेड में शामिल हुए जवानों से सलामी ली। परेड में रक्षित केंद्र, थाना, चौकी, डॉग स्कॉड और यातायात शाखा के कुल 80 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। एसपी गर्ग ने परेड में शामिल सभी पुलिसकर्मियों का टर्नआउट और परेड का निरीक्षण किया। जिन जवानों का टर्नआउट साफ-सुथरा और उच्चकोटि का पाया गया, उन्हें ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद



परेड कमांडरों के निर्देश पर जवानों ने बेहतरीन परेड का प्रदर्शन किया।

परेड के बाद एसपी ने पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने एमटी शाखा के वाहनों, लाइन ऑफिस स्टोर शाखा, शस्त्रागार और वस्त्रागार शाखा का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी रजिस्टरों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में, मोहित गर्ग ने एक दरबार का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने जवानों की समस्याओं को सुना और उनके तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासित रहकर अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने जवानों को स्वस्थ रहने के लिए संयमित खान-पान और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। इस वार्षिक निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक और रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर सहित लगभग 80 अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्राम बीजाभांठा में सामाजिक बुराईयों के खिलाफ सख्त निर्णय

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम बीजाभांठा में ग्रामीणों ने कड़ा बंद त्यौहार मनाकर बैठक किया और शराबबंदी सहित अनेक निर्णयों को अंजाम दिया। बता दें कि कुछ दिवस पहले धारदार हथियार गांव में पहुंचा एक मेहमान नवयुवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद समाचार पत्रों में गांव का नाम उछलने से ग्रामीणों में जागरूकता आई और सकारात्मक पहल करते हुए पूरे गांव ने मिलकर बैठक किया और इस बैठक के माध्यम से अनेक सामाजिक बुराईयों पर लगाम लगाने के लिए निर्णय लिए गए। जिसमें प्रमुख रूप से शराब खरीदी-बिक्री, शराब पीने-पिलाने, गांव में सार्वजनिक रूप से गाली गलौज करने, तेज रफ्तार वाहन चलाने, आयोजनों में डीजे का उपयोग करने साथ ही मोबाईल में फ्री फायर गेम खेलने पर होगा दण्ड का प्रावधान रखा गया। इसकी जानकारी देने पर भी इनाम की घोषणा की गई है।

बता दें कि नशे और महंगे शौक की आपूर्ति के लिए कम उम्र के युवक गंभीर अपराध करने से हिचक नहीं रहे हैं। जिससे गांव और शहर का माहौल लगातार बिगड़ रहा है। ग्राम बीजाभांठा में नशे की लत के चक्कर में लगातार हो रहे घटनाओं को देखते



- स्कूली बच्चों को नहीं बेचेंगे गुटखा-पाऊच-बीड़ी-सिगरेट
- शराब खरीदी-बिक्री, पीने-पिलाने, गाली गलौज करने, तेज रफ्तार वाहन चलाने, कार्यक्रम में डीजे लगाने, फ्री-फायर गेम खेलने पर होगा दण्डित, जानकारी देने पर भी इनाम

हुए शुक्रवार को ग्राम प्रमुखों, सरपंच, पंच एवं ग्रामवासी महिला व पुरुष की उपस्थिति में अतिमहत्वपूर्ण सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विभिन्न मुद्दों पर निर्णय लिया गया। जिसमें पूर्ण रूप से शराबबंदी संबंधित निर्णय लिया गया। किसी भी व्यक्ति द्वारा चौक-चौराहा एवं किसी भी खुले स्थान पर शराब बेचते पाये जाने एवं किसी भी दुकानदार द्वारा खुला डिस्पोजल व पानी पाऊच बेचते पाये जाने दंड करने का प्रावधान किया गया।

### लगाया जाएगा आर्थिक दण्ड

किसी भी दुकान, होटल संचालकों के द्वारा शराब सेवन करते व कराते हुए पकड़ा गया तो दोनों ही व्यक्तियों को दंडित करने का प्रावधान किया गया है। शराब का अबैध कारोबार करने बाले को 15000 एवं बताने वाले को(फोटो सहित) सबूत 5 हजार का ईनाम दिया जाएगा। वहीं अवैध रूप से शराब खरीदने वाले को 5 हजार दंड एवं देखकर बताने वाले को दो हजार रुपये इनाम, खुले जगह में शराब पीने वाले को 2 हजार रुपये दंड एवं बताने वाले को एक हजार का ईनाम घोषित किया गया है। सार्वजनिक पर जगह शराब पीकर गाली-गलौच करने 2 हजार दंड एवं बताने वाले को एक हजार रुपये इनाम, दुकानदार द्वारा खुला डिस्पोजल बेचे जाने वाले को 2 हजार एवं जानकारी देने वाले को एक हजार रुपये ईनाम का निर्णय लिया गया है।

### डीजे व मोबाईल गेम प्रतिबंधित

ग्रामीणों की इस गरिमामय बैठक में विभिन्न पूजन समितियों द्वारा मूर्ति विसर्जन 5 बजे से पहले करना अनिवार्य किया गया तथा मूर्ति विसर्जन में डीजे साऊंड प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही किसी भी दुकानदार द्वारा स्कूली विद्यार्थी को गुटखा-पाऊच व बीड़ी, सिगरेट विक्रय नहीं करना है। किसी भी व्यक्ति द्वारा गली अंदर मोटर साईकिल रफ्तार एवं बिना साईलेंसर के गाड़ी चलाये जाने एवं फ्री-फायर गेम खेलते पाये जाने पर दंड का प्रावधान रखा गया है। किसी भी मवेशी मालिक द्वारा अपने मवेशी को खुला छोड़ने एवं किसी व्यक्ति द्वारा चिन्हित कर बताये जाने पर पांच सौ रुपये दंड करने का निर्णय लिया गया है।

# अग्रसेन आनंद मेले में स्वादिष्ट और मनोरंजक रहा अग्रसेन आनंद मेला

### बाईक रैली में जयकारे के साथ दिखा जोश

राजनांदगांव (दावा)। अग्रसेन आनंद मेला का आयोजन गुरुवार की शाम स्थानीय शिवनाथ वाटिका में किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल ने इसका उद्घाटन किया। इससे पहले अग्रवाल नवयुवक मंडल तथा अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन से बाईक रैली निकाली गई। जिसमें अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठ सदस्यों, महिलाओं एवं युवक युवतियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। धर्मध्वजा थामे भगवान श्री अग्रसेन के जयकारे के साथ नगर भ्रमण करते हुए यह रैली शिवनाथ वाटिका पहुंची। जहां इसका समापन हुआ।



अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल मेला प्रभारी हर्षित अग्रवाल एवं आदित्य लोहिया ने बताया कि मेला स्थल पर सपरिवार पहुंचकर लोगों ने स्वादिष्ट स्वरुचि व्यंजनों के साथ हाऊजी तथा अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। जादूगर ने हैरान कर देने वाले करतब दिखाते हुए अपने शो में लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मिकी माऊस तथा ट्रेम्पोलिन ने बच्चों को आकर्षित किया। आनंद मेले में श्रेष्ठ स्टाल सजावट का पुरस्कार शौर्य गोयल को तथा श्रेष्ठ स्वनिर्मित पकवान का पुरस्कार शुभ अग्रवाल को प्रदान किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल ने बताया कि जयंती महोत्सव को लेकर समाज में काफी उत्साह है। रोजाना होने वाले कार्यक्रमों में महिला, पुरूष एवं बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### आज की प्रतियोगिता

महिला मंडल द्वारा बच्चों की दौड़, रिंग दौड़, जोड़ी बनाओ, अपनी मम्मी के लिए निबंध, अग्रसेन जी पर स्लोगन बोलो, आई डोनेशन पर लेख एवं ड्राईंग, लक्की ड्रा एवं 1 मिनट गेम्स। यह सभी प्रतियोगिता अलग-अलग आयु समूह के बच्चों के लिए होगी। नवयुवक मंडल द्वारा मटका फोड़ प्रतियोगिता (जूनियर, सीनियर एवं महिला) आयोजित की जाएगी। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

# छत्तीसगढ़ में अजब-गजब मामला : मर चुके सब इंजीनियर का कर दिया तबादला, किरकिरी होने पर सुधारी गलती

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने हाल ही में जारी ट्रांसफर सूची में गड़बड़ी व बड़ी लापरवाही देखने को मिली है। एक सब इंजीनियर की दो महीने पहले ही मौत हो चुकी है। लेकिन विभाग ने उनका तबादला दल्लीराजहरा से नगर पंचायत तुमगांव कर दिया। चूंकि मामला सामने आने के बाद विभाग ने नई सूची जारी कर गलती सुधार ली है।जानकारी के मुताबिक 18 सितंबर को विभाग ने अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी किया था। इसमें कुल 267 अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम शामिल थे। इस सूची में सहायक अधीक्षक से लेकर कार्यपालन अभियंता और प्रभारी कार्यपालन अभियंता तक का नाम दर्ज था।

### मृतक इंजीनियर का नाम भी सूची में शामिल

इस सूची में सबसे बड़ी चूक यह हुई कि, विभाग ने दो महीने पहले मौत हो चुके उप अभियंता योगानंद सोम का तबादला भी कर दिया। आदेश में योगानंद सोम का नाम क्रमांक 18 पर दर्ज था। आदेश के अनुसार उनका तबादला दल्लीराजहरा नगर पालिका से नगर पंचायत तुमगांव कर दिया गया। जबकि योगानंद सोम की मौत दो महीने पहले ही हो चुकी है।

### गलती का एहसास होने पर निकाला गया नया आदेश

जब विभाग को अपनी गलती का पता चला तो तत्काल नया आदेश जारी किया गया। इसमें लिखा गया आदेश दिनांक 18 सितबंर 2025 के सरल क्र. 18 में उप अभियंता को नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा से नगर पंचायत तुमगांव टंकन त्रुटि के कारण अंकित हो गया है। सरल क्रमांक 18 में अंकित नाम को विलोपित किया जाता है। जैसे ही यह आदेश जारी हुआ। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। लोग विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमंत साहू)
सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता...

# सोसायटी में धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर पंजीयन अनिवार्य

**किसानों से 30 सितंबर तक पंजीयन कराकर किसान कार्ड बनवाने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी खरीफ 2025-26 के लिए एग्री स्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत एग्री स्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को सभी किसानों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत जिले के सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय पारदर्शिता के साथ आसानी से कर पायेंगे। एग्री स्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। फसल बीमा कराने एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त प्राप्त करने के लिए पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है। कृषकों को निर्धारित समय-सीमा 30 सितंबर तक एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्यथा फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि एवं धान विक्रय का लाभ किसानों को प्राप्त नहीं होगा। एग्री स्टेक पोर्टल पर किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं। अथवा अपने क्षेत्र के सहकारी समिति अथवा निकटतम लोक सेवा केन्द्र में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसान को अपने सभी कृषि भूमि का बी-1 पुस्तिका आधार कार्ड और आधार में लिंक मोबाईल नंबर (जिसमें आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त होगा) की आवश्यकता होगी।

# कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे पूर्व आईएएस आलोक शुक्ला, सुको ने खारिज कर दी थी जमानत याचिका

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नान घोटाले में खाद्य विभाग के तात्कालीन सचिव और रिटायर्ड आइएएस डॉ. आलोक शुक्ला शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण गुरुवार को शुक्ला सरेंडर नहीं कर पाए थे। नान घोटाले में उन्हें आरोपी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट से आलोक शुक्ला के साथ पूर्व आईएएस और शराब घोटाले में जेल में बंद अनिल टुटेजा को अग्रिम जमानत मिली थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत रद होने के बाद ईडी नान घोटाले में दोनों अफसरों को गिरफ्तारी की तैयारी की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, दोनों अधिकारियों को पहले दो हफ्ते ईडी की कस्टडी में रहना होगा। उसके बाद दो हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा। इसके बाद ही उन्हें जमानत मिल सकेगी। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपितों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले और ईडी की जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत याचिका के खारिज होने के दूसरे ही दिन यानी 18 सितंबर को ईडी की टीम ने डॉ. आलोक शुक्ला के भिलाई के तालपुरी स्थित घर में दबिश दी थी।

### भूपेश सरकार में मिला पॉवरफुल पोस्टिंग

गौरतलब है कि नान घोटाला का जब खुलासा हुआ था तो आलोक शुक्ला खाद्य विभाग के सचिव थे। उन्हें भी इस मामले में आरोपी बनाया गया था और दिसंबर 2018 को उनके खिलाफ कोर्ट में ईओडब्ल्यू ने चार्जशीट पेश की थी। इसके बाद 2019 को आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली गई थी। जमानत मिलने के बाद दोनों अफसरों को कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में पॉवरफुल पोस्टिंग मिली। इस पोस्टिंग के दौरान ईओडब्ल्यू की नान घोटाले की जांच को प्रभावित करने का आरोप दोनों अफसरों पर लगा था। इसी मामले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा के खिलाफ भी ईडी ने एफआईआर की थी। हालांकि सतीश चंद्र वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

### क्या है नान घोटाला

नान घोटाला फरवरी 2015 में सामने आया था। जब एसीबी/ईओडब्ल्यू ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने वाली नोडल एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम के 25 परिसरों पर एक साथ छापे मारे थे। छापे के दौरान कुल 3.64 करोड़ रुपए नकद जब्त किए गए थे। छापे के दौरान एकत्र किए गए चावल और नमक के कई नमूनों की गुणवत्ता की जांच की गई थी, जो घटिया और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त थे। आरोप था कि राइस मिलों से लाखों क्विंटल घटिया चावल लिया गया और इसके बदले करोड़ों रुपए की रिश्वत ली गई। चावल के भंडारण और परिवहन में भी भ्रष्टाचार किया गया। शुरुआत में शिव शंकर भट्ट सहित 27 लोगों के खिलाफ मामला चला. बाद में निगम के तत्कालीन अध्यक्ष और एमडी का नाम भी आरोपियों की सूची में शामिल हो गया। इस मामले में दो आईएएस अफसर भी आरोपी हैं।

# एबीस ग्रुप ने रोजगार के साथ सोशल वेलफेयर से लेकर मजदूरों के सुख-सुविधाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर किया कार्य - योगेश दत्त मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 पर जिले में श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, श्रम विभाग और आईबी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आईबी ग्रुप के कार्पोरेट ऑफिस इंदामारा में श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा और कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर में जिले के औद्योगिक क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 800 से अधिक श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने श्रमिकों का रूटीन हेल्थ चेकअप, रक्तचाप और शुगर जांच और एएसजी हॉस्पिटल रायपुर द्वारा आंखों की जांच करके श्रमिकों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां वितरित कर सुविधा भी प्रदान की।

श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जंयती के अवसर पर जिला प्रशासन और एबीस ग्रुप द्वारा बहुत अच्छी पहल करते हुए श्रमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। श्रमिकों को स्वास्थ्य जांच के साथ दवाईयां भी वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एबीस ग्रुप द्वारा रोजगार का साधन उपलब्ध



○ जिले में श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, श्रम विभाग और आईबी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

कराया गया है। एबीस ग्रुप ने रोजगार के साथ सोशल वेलफेयर से लेकर मजदूरों के सुख-सुविधाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर कार्य किया है।

### शासन जनसामान्य एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य के लिए संवेदनशीलता के साथ कर रही कार्य : कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव और सेवा पखवाड़ा के तहत आज श्रमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शासन जनसामान्य एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतरीन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने श्रमिक स्वास्थ्य शिविर में सभी श्रमिकों को अपने स्वास्थ्य की जांच कराने कहा। इसके साथ ही नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रायपुर के नामांकित अस्पतालों के डॉक्टर के माध्यम से श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने श्रमिकों को कार्य करते समय आवश्यक सेफ्टी केयर का पालन करने कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच के बाद फालोअप करना बहुत जरूरी है। किसी मजदूर के स्वास्थ्य जांच के बाद स्वास्थ्य समस्या की पहचान होने पर उसके पूर्ण स्वस्थ होने तक फालोअप करने कहा। कलेक्टर ने श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच की मेडिकल रिपोर्ट को ऑनलाईन रखने कहा, ताकि भविष्य में किसी श्रमिक को आवश्यकता पडने पर पुरानी जांच के अनुसार उन्हें त्वरित उपचार मिल सके।

### स्वस्थ रहने के लिए साफ-सफाई और हाईजिन का ध्यान रखना बहुत जरूरी - बहादुर अली

एमडी आईबी ग्रुप बहादुर अली ने कहा कि 40 वर्ष पहले से लोगों के स्वास्थ्य के लिए प्रोटीन प्रोड्क्ट बनाना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि राज्य शासन और जिला प्रशासन स्वास्थ्य के प्रति चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में जांच के साथ उसका पालन करना बहुत जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए साफ-सफाई और हाईजिन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसका पालन करने से आयु लंबी होगी। कार्यक्रम में उपसंचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा डीपी मर्सकोले, श्रम पदाधिकारी संजय सिंह और ईएसआई औषधालय के प्रभारी डॉ. पी.के. ठाकुर, अंजुम अल्वी उपस्थित थे।

भूखंड बेचना है
खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

किराये से देना है
1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम रेंट पर देना है।
Near the D mart महाकाल मंदिर के पास।
-: संपर्क :-
मो.- 7000180368

# सिवनी के लाडले सरकार का राजनांदगांव में आगमन, चार दिवसीय उत्सव आज से शुरू



राजनांदगांव (दावा)। सिवनी के लाडले सरकार का आगमन राजनांदगांव के स्टार सिटी पनेका स्थित रामटेके परिवार के निवास पर हुआ है। उनके आगमन को लेकर भक्तों में भारी उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर रामटेके परिवार द्वारा 20 से 24 सितंबर तक चार दिवसीय भव्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।
संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com